हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, बुधवार, 29 जनवरी 2025 | अंक 107 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

EXCLUSIVE WEDDING COLLECTION
•LACHA •BANARASI •LEHENGA •DESIGNER •FANCY WORK
वैशाली
लाछा अँन्ड सारिज़
लाछा और साडीयों की महारानी
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर. 9529081789, 9325112561 | समय: 10.00 से 7.30 रविवार बंद

## बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा

### संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली.**

भारतीय संसद के बजट सत्र की तारीख सामने आ गई है। बजट सत्र की शुरुआत आगामी 31 जनवरी की तारीख से होने जा रही है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद को दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2025 को देश का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

**दो भाग में होगा बजट सत्र**

लोकसभा सचिवालय की ओर से बजट सत्र को लेकर एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है- "18वीं लोकसभा का चौथा सत्र शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 को शुरू होगा। सरकारी कामकाज वहीं, इस सत्र के शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025 को समाप्त होने की संभावना है।" आपको बता दें कि संसद के बजट सत्र के दो भाग होंगे। बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी 2025 से शुरू होगा और 13 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। वहीं, बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च 2025 से शुरू होगा और 4 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा।



**पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी**

31 जनवरी से 13 फरवरी तक बजट सत्र के पहले भाग में कुल 9 बैठकें होंगी। इसमें पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए संसद अवकाश लेगी।

इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों की ओर से अनुदान की मांग पर चर्चा करने और बजट की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संसद दूसरे भाग में 10 मार्च से फिर से बैठक करेगी। इसके बाद सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। यानी कि पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी।

**कल होगी सर्वदलीय बैठक**

बजट सत्र की शुरुआत से पहले 30 जनवरी 2025 को सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस बारे में जानकारी दी है। किरण रिजिजू ने बजट सत्र के दौरान सदन में सुचारू रूप से चर्चा के लिए विपक्षी दलों से सहयोग की अपील की है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ये भी कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक अच्छा और संतुलित बजट पेश करेंगी।

## इंग्लैंड ने भारत को 26 रन से हराया

**राजकोट.** इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टी-20 में 26 रन से हरा दिया है। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में भारत ने बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने 9 विकेट खोकर 171 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिए। जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट खोकर 145 रन ही बना सकी। इंग्लैंड से बेन डकेट ने फिफ्टी लगाई।

## अवैध प्रवासी भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं: उपराष्ट्रपति धनखड़



**नई दिल्ली**

भारत, अमेरिका समेत दुनिया के विभिन्न देशों में इस वक्त अवैध प्रवासी बहस का मुद्दा बने हुए हैं। अमेरिका में तो अवैध प्रवासियों को पकड़ कर उन्हें उनके देश वापस भेजा जा रहा है।

वहीं, दूसरी ओर भारत में दिल्ली समेत अन्य कई राज्यों में अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान जारी है। इन सब कदमों के बीच अब भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अवैध प्रवासी भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

**देश ये कैसे सहन कर सकता है**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे देश में लाखों की संख्या में अवैध प्रवासी रह रहे हैं। एक देश लाखों अवैध प्रवासियों को कैसे सहन कर सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अवैध प्रवासी हमारे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सुविधाओं के संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। वे उन नौकरियों में लगे हुए हैं, जो हमारे लोगों के लिए हैं। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार में हर कोई इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेगा। इस समस्या और इसके समाधान में एक दिन की भी देरी नहीं की जा सकती।

### चुनावी प्रणाली को प्रभावित करने की कोशिश

सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों के एक ग्रुप को संबोधित किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि अवैध प्रवासी लोग भारत के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये अवैध प्रवासी हमारी चुनावी प्रणाली को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने भारत सरकार से अवैध प्रवासियों के मुद्दे का समाधान निकालने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने की अपील की है।

### राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आगे कहा- ''अवैध प्रवासी हमारे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। हमें चुनौतियों को देखना होगा। देश के लिए चुनौती यह है कि लाखों अवैध प्रवासी हमारी जमीन पर रह रहे हैं। क्या यह हमारी संप्रभुता के लिए चुनौती नहीं है? ऐसे लोग कभी भी हमारे राष्ट्रवाद से नहीं जुड़े सकते।''

## नागपुर में मिले 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' के मामले

> दो मरीज वेंटिलेटर पर

**नागपूर.**

महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी की दहशत बढ़ती चली जा रही है। पहले राज्य के पुणे से ही गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले सामने आ रहे थे। हालांकि, पुणे के बाद अब नागपुर में भी इस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले के सामने आने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। लोगों को डॉक्टर की सलाह बिना दवाई ना लेने की सलाह दी गई है।

**दो मरीज गंभीर अवस्था में**

पुणे के बाद नागपुर में भी गुइलेन बैरे सिंड्रोम के मरीज मिलने के चलते सरकारी अस्पतालों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन ने भी आवश्यक उपाय योजना के निर्देश दिए हैं। नागपुर के मेडिकल कॉलेज और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गंभीर अवस्था में दो मरीज पहुंचे हैं जिन्हें उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। बता दें कि जीबीएस इम्यून से जुड़ी एक दुर्लभ बीमारी है।



**अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया**

गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मरीज के मिलने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नागपुर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अविनाश गावंडे ने बताया कि प्रशासन ने इस बीमारी के मरीजों के इलाज के व्यापक के इंतजाम किए हैं।

**चार मरीज भर्ती हुए**

जानकारी के मुताबिक, अब तक अस्पताल में चार मरीज भर्ती हुए हैं जिनकी आयु 40 ,19 ,14 ,8 साल है। इनमें 8 वर्षीय मरीज को गंभीर अवस्था में आईसीयू में भर्ती किया गया है। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसी तरह अस्पताल में एक 40 वर्ष के मरीज को आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है।

### पुणे में 110 के पार हुए केस

पीटीआई के मुताबिक, महाराष्ट्र के पुणे में 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों की संख्या 110 के पार पहुंच गई है। सोलापुर में संदिग्ध रूप से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गई है। आपको बता दें कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम एक रोग प्रतिरोधी क्षमता संबंधित रेयर बीमारी है। इसके कारण शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं और मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं। इस बीमारी के कारण हाथ और पैरों में भी गंभीर कमजोरी जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का कारण आम तौर पर जीवाणु और वायरल संक्रमण हैं। ये मरीजों की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देते हैं।

## मोदी जल्द कर सकते हैं अमेरिका की यात्रा

**नई दिल्ली.** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका के दौरे पर जा सकते हैं। यहां पीएम मोदी अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। ये जानकारी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही दी है। बता दें कि इससे पहले सोमवार की रात पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके साथ बैठक के लिए संभवतः फरवरी में व्हाइट हाउस की यात्रा कर सकते हैं।

## केजरीवाल पर मानहानि का मुकदमा किया जाएगा

**नई दिल्ली.**

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के यमुना के पानी में जहर घोलने को लेकर हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर बीजेपी और आम आदमी पार्टी में जुबानी हमले तेज हो गए हैं। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए कहा है कि वो अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगें नहीं तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। वहीं AAP के आरोप पर चुनाव आयोग ने सैनी सरकार से रिपोर्ट मांगी है। आज 12 बजे तक सैनी सरकार चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखेगी। केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना में जहर घोलने का आरोप लगाते हुए इसे सामूहिक नरसंहार की साजिश करार दिया था। हालांकि दिल्ली जल बोर्ड ने केजरीवाल के दावे को नकार दिया है।



**यमुना में जहर मिलाने का आरोप**

दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि भाजपा गंदी राजनीति करके दिल्ली के लोगों को प्यासा रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, "हरियाणा में भाजपा के लोग यमुना नदी के पानी में जहर मिला रहे हैं और इसे दिल्ली भेज रहे हैं। अगर दिल्ली के लोग यह पानी पीएंगे तो कई लोग मर जाएंगे। क्या इससे ज्यादा घिनौना कुछ हो सकता है?" केजरीवाल दिल्ली की सीएम आतिशी के आरोप के बारे टिप्पणी कर रहे थे कि हरियाणा सरकार जानबूझकर औद्योगिक अपशिष्ट को यमुना में बहा रही है, जहां से राष्ट्रीय राजधानी अपना पानी लेती है।

**चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट**

वहीं केजरीवाल के आरोपों पर भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "हरियाणा सरकार निश्चित रूप से केजरीवाल को अदालत में ले जाएगी। हम मंगलवार को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ निर्वाचन आयोग का दरवाजा भी खटखटाएंगे।"

वहीं हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि निराधार आरोप लगाना और दूसरों पर दोष मढ़ना उनकी आदत है। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने सोमवार को हरियाणा से जलापूर्ति में अमोनिया के स्तर के बारे में आतिशी द्वारा लगाए गए आरोपों पर हरियाणा से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी।

## धनंजय मुंडे का फिलहाल कोई इस्तीफा नहीं: अजित पवार

### सरकार को सलाह न दें, हमारे बीच नैतिकता है

**मुंबई.**



अगर बीड हत्याकांड में कोई शामिल है तो हम उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर करेंगे. इस संबंध में पूछताछ चल रही है. उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने साफ किया है कि दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल मीडिया में मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग की जा रही है. सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने भी मुझे कुछ दस्तावेज़ दिए हैं. अजित पवार ने कहा है कि अगर इसमें सच्चाई पाई गई तो वह जरूर कार्रवाई करेंगे. इसके जरिए अजित पवार ने मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की चर्चा को रोकने की कोशिश की है. जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

अजित पवार ने यह भी कहा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. अजित पवार ने यह भी समझाया कि अगर कोई शामिल नहीं है तो कार्रवाई का सवाल ही नहीं उठता.

सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने मुझे कुछ दस्तावेज़ दिए हैं. मैंने वो दस्तावेज़ देखे हैं. मैंने वह दस्तावेज़ सत्यापन के लिए संबंधित अधिकारियों को दे दिया है। पवार ने यह भी साफ किया कि अगर इसमें कोई गलती पाई गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुरुवार 30 जनवरी को बीड जिले का दौरा करेंगे। जिले के संरक्षक मंत्री के रूप में वह डीपीडीसी की बैठक लेंगे.

मैं महायुति के सभी वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हूं। इसलिए अजित पवार ने कहा है कि निचले कार्यकर्ता क्या कहते हैं, इसका जवाब देने के लिए मैं बाध्य नहीं हूं. हमारी सरकार को दूसरों से सलाह नहीं लेनी चाहिए.

## डब्ल्यूएचओ के साथ तुरंत काम बंद करने का जारी किया फरमान

**न्यूयॉर्क.**

अमेरिका के जन स्वास्थ्य अधिकारियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ तत्काल प्रभाव से काम करना बंद करने को कहा गया है।

अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अधिकारी जॉन केंगसॉन्ग ने एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों को को एक ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ काम करने वाले सभी कर्मचारी उसके साथ सहयोग तुरंत बंद कर दें और आगे के निर्देश की प्रतीक्षा करें।

**बीमारियों की रोकथाम में होगी मुश्किल**

अमेरिका के इस कदम को लेकर विशेषज्ञों ने कहा कि अचानक उठाया गया यह कदम आश्चर्यजनक है और इससे अफ्रीका में मारबर्ग वायरस और एमपॉक्स के प्रकोप की रोकथाम और जांच के काम में बाधा आएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया भर के स्वास्थ्य अधिकारी अमेरिकी पशुओं में 'बर्ड फ्लू' के प्रकोप पर नजर रख रहे हैं।




एसोसिएटेड प्रेस' ने केंगसॉन्ग द्वारा भेजे ज्ञापन की प्रति देखी, जिसमें कहा गया है कि काम रोकने की नीति ''तकनीकी कार्य समूहों, समन्वय केंद्रों, सलाहकार बोर्ड, सहकारी समझौतों या अन्य माध्यमों से डब्ल्यूएचओ के साथ जुड़े सभी सीडीसी कर्मचारियों पर लागू होती है।'' इसमें यह भी कहा गया है कि सीडीसी कर्मचारियों को डब्ल्यूएचओ के कार्यालयों में जाने की अनुमति नहीं है।

**अमेरिका को करना होगा प्रक्रिया का पालन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश को विश्व स्वास्थ्य संगठन से अलग करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पिछले सप्ताह एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, लेकिन यह तत्काल प्रभाव से लागू नहीं हुआ था। डब्ल्यूएचओ से बाहर निकलने के लिए संसद की मंजूरी की आवश्यकता होगी और अमेरिका को चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय दायित्वों को पूरा करना होगा। इसके अलावा अमेरिका को एक साल पहले नोटिस भी देना होगा।

## अप्रैल में स्थानीय निकाय चुनाव?

> भले ही आज की सुनवाई टल गई लेकिन दोनों वकील सकारात्मक

> 25 फरवरी को ही नतीजे आने की संभावना है

**मुंबई.**

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव, जो ओबीसी आरक्षण पर रोक के कारण पहले से ही विलंबित थे, अब और भी रुक गए हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर याचिका पर तुरंत एक निश्चित तारीख देकर आगे की सुनवाई करने की तैयारी दिखाई है, अब 25 फरवरी की तारीख दी गई है. इसलिए उम्मीद है कि रिजल्ट 25 फरवरी को आएगा. अगर ऐसा हुआ तो अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है.



स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण को लेकर राहुल रमेश वाघ ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. वाघ के वकील देवदत्त पलोडकर ने मांग की थी कि सुनवाई जल्दी होनी चाहिए क्योंकि इस मामले में पहले ही काफी देरी हो चुकी है और अब विधानसभा चुनाव हो रहे हैं. राज्य सरकार की ओर से पेश होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि राज्य सरकार इस मामले में जल्द चुनाव कराना चाहती है. इसलिए कोर्ट ने 5 फरवरी की तारीख तय की. हालाँकि, अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख तय की है क्योंकि उसी दिन दिल्ली विधानसभा चुनाव हैं।

**ओबीसी आरक्षण से चुनाव कराने का आग्रह**

मध्य प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र ने भी नई कमेटी गठित कर ओबीसी का अनुभवजन्य डेटा तैयार कर ट्रिपल टेस्ट पूरा कर अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी है और आरक्षण के साथ चुनाव की इजाजत मांगी है. उस समय खानविलकर ने ऐसी सहमति दी. हालाँकि, यह स्पष्ट किया गया कि जिन स्थानीय स्वशासन चुनावों को पहले अनुमति दी गई थी, वे बिना आरक्षण के होंगे और बाद के चुनाव आरक्षण के साथ होंगे। लेना जैसे ही खानविलकर सेवानिवृत्त हुए, यह मामला मुख्य न्यायाधीश एन को स्थानांतरित कर दिया गया। वी रमन्ना सुनवाई के समक्ष उपस्थित हुए। इस बीच, महाराष्ट्र में सरकार बदल गई और नई सरकार ने अदालत में आवेदन किया और ओबीसी आरक्षण वाले ऐसे सभी स्थानीय निकायों में चुनाव कराने की अनुमति मांगी, जिस पर पहले और बाद में सहमति थी। लेना रमन्ना ने मामले पर अस्थायी स्थगन लिया. चंद्रचूड़ के साथ क्लास कीं. यह स्थगन अभी भी यथावत है क्योंकि वास्तविक सुनवाई नहीं हो सकी।

## देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन

**देहरादून.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देहरादून में 38 में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के मौके पर यूनिफॉर्म सिविल कोड की चर्चा की। साथ ही, उत्तराखंड में शुरू हुए शीतकालीन चार धाम यात्रा की भी चर्चा करते वे नजर आए। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के मौके पर देश में ओलंपिक के आयोजन को लेकर भी बात कही। उन्होंने कहा कि देश में युवा शक्ति का खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने में वर्तमान सरकार ने काफी काम किया है। उन्होंने खेलो इंडिया और सांसद खेल प्रतियोगिताओं का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि देश में खिलाड़ी मुझे पीएम यानी परम मित्र मानते हैं। स्कूली स्तर से खेलों के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने की योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज हर इंटरनेशनल इवेंट में भारत के खिलाड़ी अपना परचम लहरा रहे हैं। पीएम मोदी के देहरादून पहुंचने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान मशहूर गायक जुबिन नॉटियाल ने अपने गानों समां बांध दिया।




**यूसीसी का किया जिक्र**

पीएम नरेंद्र मोदी ने युवाओं से स्टेडियम में फ्लश लाइट जलवाई और नेशनल गेम्स के शुभारंभ की घोषणा की। इसके बाद वे एक दिन पहले प्रदेश में लागू की गई यूनिफॉर्म सिविल कोड की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कल ही उत्तराखंड देश का ऐसा राज्य बना, जिसने यूसीसी लागू किया। पीएम ने कहा कि यूसीसी से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। संविधान की मूल भावना मजबूत होगी। खेल भी हमें भेदभाव की भावना से दूर करता है। यही भावना यूसीसी की भी है। किसी से कोई भेदभाव नहीं, सभी यूसीसी के लिए बराबर है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल को सेक्युलर सिविल कोड भी कहा। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद प्रदेश में हर कोई बराबर हो गया है। कोई भी बड़ा या छोटा या अधिक अधिकार रखने वाला नहीं रह गया है। साथ ही, उन्होंने शीतकालीन चार धाम यात्रा में आने की बात कही।

### ओलंपिक के आयोजन की चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 2036 के ओलंपिक के लिए पूरा जोर लगा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओलंपिक केवल खेल का आयोजन नहीं होता है, यह आयोजन जहां भी होता है वहां अनेक क्षेत्रों में गति मिलती है। उन इलाकों में निर्माण, परिवहन, टूरिज्म, होटल्स जैसे सेक्टर को बूस्ट मिलता है। उत्तराखंड में जो आयोजन हो रहा है, उससे सिर्फ खिलाड़ियों को ही फायदा नहीं होगा।

# कच्चे माल का निर्यात स्वीकार नहीं: पीएम मोदी

## नए विजन के साथ काम करेंगे



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह यह स्वीकार नहीं कर सकते कि कच्चा माल निर्यात किया जाए और तैयार उत्पाद देश में भेजे जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैल्यू एडिशन यहीं होना चाहिए। पीटीआई की खबर के मुताबिक, भुवनेश्वर के जनता मैदान में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करते हुए मोदी ने यह बात कही। पीएम ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश का विकास इंजन मानते हैं और इसमें राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। खबर के मुताबिक, मोदी ने कहा कि सिर्फ कच्चे माल के निर्यात से देश का विकास संभव नहीं है। इसलिए हम पूरे ईको सिस्टम को बदल रहे हैं और नए विजन के साथ काम कर रहे हैं। यहां से खनिज निकाले जाते हैं और किसी दूसरे देश को निर्यात किए जाते हैं, जहां वैल्यू एडिशन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेजा जाता है। यह चलन मोदी को स्वीकार्य नहीं है। करोड़ों लोगों की आकांक्षाएं भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित होकर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह एआई का युग है और हर कोई एआई के बारे में बात कर रहा है। हालांकि, भारत की आकांक्षा, न सिर्फ एआई, हमारे देश की शक्ति है। आकांक्षा तब बढ़ती है जब लोगों की जरूरतें पूरी होती हैं। पिछले दशक में देश ने करोड़ों लोगों को सशक्त बनाने का लाभ देखा है। ओडिशा भी इसी आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। पीएम ने कहा कि ओडिशा उत्कृष्ट है और नए भारत की मौलिकता और आशावाद का प्रतिनिधित्व करता है। ओडिशा में अवसर हैं और ओडिशा के लोगों ने बेहतर प्रदर्शन की भावना का प्रदर्शन किया है।

### इनोवेशन समय की जरूरत है

❑ मोदी ने कहा कि 21वीं सदी कनेक्टेड इंफ्रास्ट्रक्चर और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के बारे में है। भारत अभूतपूर्व गति और पैमाने पर विशेष बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। यह भारत को निवेश के लिए एक बेहतरीन गंतव्य बनाएगा। आसियान देशों ने ओडिशा के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्वी भारत को देश का विकास इंजन मानता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि ओडिशा बहुत जल्द विकास की उन ऊंचाइयों को छुएगा, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि शोध और इनोवेशन समय की जरूरत है।

# केंट आरओ ने सेबी के पास दायर किया डीआरएचपी

**नई दिल्ली.** केंट आर ओ सिस्टम्स लिमिटेड ("कंपनी") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिये इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कुल पेशकश में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 1 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 10,094,568 इक्विटी शेयरों तक की 'बिक्री के लिए पेशकश' शामिल है। ब्रांड 'केंट' अच्छी तरह से स्थापित है और भारत में वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में रिवर्स ऑस्मोसिस ("आरओ") तकनीक शुरू करने में अग्रणी के रूप में पहचाना जाता है। (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट)। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने वाटर प्यूरीफायर उत्पाद श्रेणी में अपनी उत्पाद रेंज का विस्तार किया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक 5.50 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

# गोदरेज एग्रोवेट ने लॉन्च की प्राइड हॉग पशु आहार श्रृंखला

**मुंबई.** सूअरों के बच्चों (पिगलेट) की मृत्यु दर और डायरिया रोकने से लेकर प्रतिरक्षा बढ़ाने तक, हमारा चारा तेज़ विकास और समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने "गोदरेज प्राइड हॉग" नामक एक नया सूअर फीड रेंज लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से सूअरों के विभिन्न जीवन चक्रों में पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस रेंज में तीन प्रकार के वैरिएंट्स शामिल हैं: स्टार्टर, ग्रोअर और फिनिशर, जो सूअरों के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा और विकास को बढ़ावा देते हैं। यह नया उत्पाद सूअर पालकों को बेहतर स्वास्थ्य और उच्च उत्पादन क्षमता में मदद करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। गोदरेज एग्रोवेट ने इस लॉन्च के साथ गुवाहाटी में एक गोलमेज चर्चा आयोजित की, जिसमें अफ्रीकी स्वाइन फीवर से निपटने के उपायों और सूअर फार्म प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रथाओं पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। यह चर्चा विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत के लिए महत्वपूर्ण है, जहां एएफ ने सूअर पालन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। गोदरेज एग्रोवेट के अधिकारियों ने बताया कि प्राइड हॉग केवल एक चारा नहीं है, बल्कि यह सूअरों के स्वास्थ्य और विकास के लिए एक व्यापक पोषण समाधान है, जो उनकी मृत्यु दर को कम करने, डायरिया को रोकने और उनकी प्रतिरक्षा बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाता है कि सूअरों को उनके जीवन के हर चरण में आवश्यक पोषण मिल सके। इस नए लॉन्च के जरिए, गोदरेज एग्रोवेट का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता और वैज्ञानिक आधारित समाधानों से सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने व्यवसाय की उत्पादकता और लाभप्रदता में सुधार कर सकें।

# हेल्थ सेक्टर में उभरती टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की जरूरत



**नई दिल्ली.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। हेल्थ सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट्स ने उम्मीद जताई है कि सरकार इस सेक्टर के विकास के लिए हेल्थकेयर और इस सेक्टर में उभरती टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए उपाए करेगी। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार से वैज्ञानिक उपलब्धियों को हासिल करने की दिशा में तेजी लाने के लिए रिसर्च और डेवलपमेंट में खर्च बढ़ाने का आग्रह किया है। हेल्थ सेक्टर में काम कर रही संस्था ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट के फाउंडर संदीप नेलवाल ने कहा, ''हमारा मानना है कि सरकार हेल्थ सेक्टर के विकास के लिए स्वास्थ्य सेवा और उभरती हुई टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता देगी और जरूरी कदम उठाएगी। संदीप नेलवाल ने कहा, ''मजबूत बजट स्वस्थ कार्यबल की जरूरतों को पूरा करेगी भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा, जो ऑन्त्रेप्रेन्यॉरियल वेंचर्स को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे हेल्थकेयर इक्विपमेंट और मेडिसिन सेगमेंट में लोकल लेवल पर इनोवेशन और मैन्यूफैक्चरिंग भी बढ़ेगी, जिससे इंपोर्ट कॉस्ट कम होगा।'' आंखों के इलाज के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल चलाने वाली घरेलू कंपनी डा. बसु ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. मनदीप सिंह बासु ने कहा, ''हम सरकार से अर्बन और रूरल, दोनों क्षेत्रों में इंफ्रा और हेल्थकेयर तक पहुंच बढ़ाने के लिए हेल्थ सेक्टर को अलॉट किए.

# ग्रीन स्टांप पेपर से चमक रहा पंजाब का फ्यूचर

**नई दिल्ली.**

क्या आप जानते हैं कि पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां एक स्पेसिफिक कलर कोडेड स्टांप पेपर भी चलन में है। इसे ग्रीन स्टांप पेपर के नाम से जाना जाता है। इन्वेस्टर्स के बीच इसका काफी प्रभाव है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार 2023 में यह स्टांप पेपर लेकर आई थी। इसके बाद से पंजाब में बड़ी मात्रा में इन्वेस्टमेंट आया है। इस स्टांप पेपर के आने के बाद राज्य में उद्योगपतियों को काफी सहूलियत हुई है।

वे आसानी से अपने प्रोजक्ट राज्य में लगा पा रहे हैं और लाखों लोगों को इससे रोजगार मिल रहा है। तो आइए जानते हैं कि यह ग्रीन स्टांप पेपर असल में क्या है और सीएम भगवंत मान इससे कैसे पंजाब की सूरत बदल रहे हैं। मई 2023 में भगवंत मान सरकार ने पंजाब में इंडस्ट्री के लिए ग्रीन स्टांप पेपर लाने का फैसला लिया था। इसका उद्देश्य उद्योगपतियों को उनके प्रोजेक्ट्स के लिए जल्दी क्लीयरेंस देना था।



राज्य सरकार के अनुसार, उद्योगपतियों को ग्रीन स्टांप पेपर के साथ अप्लाई करने पर नए इंडस्ट्रीयल प्रोजेक्ट्स के लिए 2 सप्ताह के अंदर क्लीयरेंस मिल जाता है। हरे कलर वाले स्टांप पेपर का मतलब है कि फैक्ट्री मालिक को सभी अनुमतियां मिल गई हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई उद्योगपति पंजाब में फैक्ट्री लगाना चाहता है। जब वह जमीन चिन्हित कर लेगा तो'इन्वेस्ट पंजाब'पोर्टल के जरिए या ऑफिस विजिट करके सरकार को सूचित करेगा। इसके बाद सरकार की भूमी उपयोग परिवर्तन टीम, जो अनुमति देती है, वह 10 दिन का समय लेगी। टीम द्वारा ओके करने पर उद्योगपति को ग्रीन कलर वाला स्टांप खरीदने को बोला जाता है।

यह स्टांप पेपर नॉर्मल स्टांप पेपर से महंगा आता है। इसमें चेंज ऑफ लेंड यूज, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट क्लीयरेंस, पॉल्यूशन एंड फायर डिपार्टमेंट फीस जैसी सभी जरूरी अनुमतियां होती हैं। जमीन की रजिस्ट्री के बाद उद्योगपति फैक्ट्री का काम शुरू कर सकता है और उसे कोई परेशानी नहीं आएगी। आप ऑफलाइन जाते हैं, तो राज्य में 'इन्वेस्ट पंजाब' के दफ्तर में ही तहसीलदार तैनात रहते हैं, जहां एक ही विंडो पर सभी तरह की मंजूरी 15 दिन के अंदर मिल रही हैं। 16वें दिन जमीन की रजिस्ट्री और 17वें दिन भूमि पूजन कर उद्योगपति उद्योग लगा सकते हैं। जहां पहले सर्टिफिकेट ऑफ लैंड यूज हासिल करने में ही महीनों लग जाते थे, वहीं अब कुछ ही दिनों में सारी परमिशन मिल जाती है।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर

## 'द वन एंड ओनली' फैशन और ग्लैमर का शानदार संगम




**नई दिल्ली.**

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने 2025 संस्करण के अनावरण के साथ एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। इस साल का टूर, 'द वन एंड ओनली' नामक विषय के साथ, फैशन, संगीत और मनोरंजन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का वादा करता है। यह टूर फैशन की दुनिया को एक नए और अत्याधुनिक अवतार में प्रस्तुत करेगा, जहां हर शहर में एक नया, आकर्षक और अनूठा अनुभव मिलेगा। इस टूर में भारत के प्रमुख फैशन डिजाइनरों और स्टाइल आइकनों के साथ-साथ बॉलीवुड और बिजनेस जगत के प्रतिष्ठित चेहरे भी शामिल होंगे। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में आयोजित यह टूर, भारत के फैशन परिदृश्य को नया रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टूर का आगाज गुरुग्राम में फैशन आइकन रोहित बल के भव्य शो से होगा, जहां उनकी कलात्मकता और डिज़ाइनों की शानदार प्रदर्शनी होगी। मुंबई में तरुण तहिलियानी के साथ यह टूर एक प्रभावशाली फैशन शो पेश करेगा, जो भारतीय फैशन को वैश्विक स्तर पर नये आयाम देगा। वहीं, चंडीगढ़, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में भी फैशन, ग्लैमर और तकनीक के मेल से दर्शकों को नई दृष्टि से रूबरू कराया जाएगा। ब्लेंडर्स प्राइड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, "इस साल का टूर हमारे ब्रांड के 'द वन एंड ओनली' पहलू को नया रूप देगा। हम युवाओं को ग्लोबल फैशन और ट्रेंड्स से प्रेरित करने के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव प्रदान करने जा रहे हैं।"एफडीसीआई के चेयरमैन, सुनील सेठी ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "यह टूर फैशन और ग्लैमर की शक्तिशाली ताकतों को एक साथ लाकर भारतीय फैशन को वैश्विक मंच पर प्रक्षिप्त करेगा।"इस अद्वितीय टूर के जरिए फैशन की नई धारा का आगाज होने जा रहा है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे दुनिया में फैशन की नई सोच और शैली को परिभाषित करेगा।

# आरबीआई सुधारेगा इकोनॉमी की हालत

**नई दिल्ली.** दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी इकोनॉमी भारत, इस समय इकोनॉमिक लेवल पर महंगाई से लेकर मांग में कमी जैसी बड़ी परेशानी का सामना कर रहा है. भारत की ग्रोथ रेट ठीक-ठाक बनी हुई है, लेकिन ये उम्मीद के मुताबिक नहीं है. ऐसे में देश के केंद्रीय बैंक ने देश की इकोनॉमिक हालत को बेहतर करने के लिए कई कदम उठाने का ऐलान किया है.बजट 2025 इसी साल एक फरवरी को पेश होना है. उसके बाद देश की मोनेटरी पॉलिसी आनी है, ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को देश के बैंकिंग सेक्टर की हालत सुधारने का ऐलान किया है. भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि बैंकिंग सिस्टम में नकदी की कमी की समस्या हो दूर करने के लिए वह उसमें और नकदी डालेगा. हालांकि इसके लिए वह सरकारी बॉन्ड खरीदने का विकल्प आजमाएगा. रिर्जव बैंक की ओर से कहा गया है कि वह 3 किस्तों में 60,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड खरीदने जा रहा है.

# शेयर बाजार में लौटी हरियाली

**नई दिल्ली.** बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दो दिनों की भारी गिरावट के बाद मंगलवार को बढ़त दिखी। बैंकिंग और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील शेयरों में खरीदारी के कारण बाजार में यह रिकवरी दिखी। आरबीआई ने वित्तीय प्रणाली में नकदी डालने का फैसला किया है, इससे बाजार को मदद मिली। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 535.24 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 75,901.41 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,146.79 अंक या 1.52 प्रतिशत चढ़कर 76,512.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128.10 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 22,957.25 पर बंद हुआ। इंट्राडे सत्र में 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 308.8 अंक या 1.35 प्रतिशत चढ़कर 23,137.95 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल प्रमुख लाभ में रहे।एशियाई बाजारों में टोक्यो नकारात्मक क्षेत्र में और हॉन्गकॉन्ग हरे रंग में बंद हुआ। इस बीच, सियोल और शंघाई के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। शुरुआती सत्र में यूरोपीय बाजारों में तेजी रही.


निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र गजलक्ष्मी | मंगल विकली लॉटरी | सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 04 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 28/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 2905 | 1048 | 1055 | 4129 | 1361 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 4450 | 8573 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0497 | 1185 | 2031 | 2749 | 5037 (प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण) | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1607 | 2411 | 4243 | 4889 | 6079 | 6666 | 7174 | 7536 | 7887 | 8177 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1575 | 2789 | 3870 | 3981 | 5980 | 7890 | 7928 | 8188 | 8310 | 9540 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0500 | 1577 | 2712 | 3430 | 4235 | 5567 | 6542 | 7664 | 8858 | 9614 |
| | 0648 | 1619 | 2721 | 3491 | 4247 | 5579 | 6553 | 7752 | 8867 | 9628 |
| 0031 | 0786 | 1717 | 2751 | 3513 | 4304 | 5585 | 6565 | 7783 | 8881 | 9700 |
| 0041 | 0800 | 1760 | 2935 | 3598 | 4370 | 5595 | 6566 | 7937 | 9069 | 9752 |
| 0042 | 0834 | 1808 | 2950 | 3608 | 4403 | 5663 | 6569 | 7961 | 9099 | 9753 |
| 0051 | 0859 | 1911 | 3007 | 3713 | 4448 | 5715 | 6612 | 7967 | 9104 | 9772 |
| 0056 | 0899 | 1932 | 3009 | 3835 | 4475 | 5734 | 6650 | 8049 | 9116 | 9774 |
| 0058 | 0902 | 2084 | 3017 | 3850 | 4478 | 5760 | 6712 | 8117 | 9123 | 9824 |
| 0087 | 0903 | 2199 | 3022 | 3953 | 4492 | 5806 | 6729 | 8194 | 9193 | 9831 |
| 0154 | 0905 | 2243 | 3087 | 3972 | 4576 | 5875 | 6913 | 8231 | 9212 | 9889 |
| 0188 | 0918 | 2274 | 3122 | 4014 | 4609 | 5922 | 7025 | 8428 | 9237 | 9893 |
| 0233 | 0964 | 2311 | 3156 | 4050 | 4647 | 6088 | 7151 | 8448 | 9257 | 9896 |
| 0250 | 1025 | 2410 | 3178 | 4142 | 4860 | 6106 | 7157 | 8475 | 9268 | 9929 |
| 0257 | 1149 | 2468 | 3289 | 4185 | 4925 | 6202 | 7331 | 8530 | 9288 | 9937 |
| 0383 | 1199 | 2499 | 3323 | 4204 | 5011 | 6236 | 7345 | 8615 | 9395 | 9965 |
| 0385 | 1357 | 2525 | 3332 | 4206 | 5054 | 6321 | 7376 | 8622 | 9438 | 9966 |
| 0394 | 1369 | 2538 | 3345 | 4213 | 5165 | 6343 | 7471 | 8634 | 9493 | 9970 |
| 0448 | 1390 | 2560 | 3349 | 4224 | 5173 | 6365 | 7571 | 8698 | 9544 | 9977 |
| 0473 | 1403 | 2686 | 3383 | 4233 | 5553 | 6426 | 7600 | 8856 | 9592 | 9981 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत | सोडत दिनांक 25/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर | पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 14 लाख | दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख ✶ ( रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे ) ✶ | तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी मंगळ विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 28/01/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


# सरसों तेल क्षेत्र के लिए पीएलआई समर्थन की मांग

**नई दिल्ली.**



सरसों तेल विनिर्माता कंपनी पुरी ऑयल मिल्स ने सरकार से आगामी आम बजट में क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही कंपनी ने विकास बोर्ड की स्थापना और निर्यात बाधाओं के समाधान के माध्यम से इस क्षेत्र को समर्थन देने का आग्रह किया है।पी मार्क मस्टर्ड ऑयल के प्रवर्तक एवं कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक पुरी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सरसों तेल देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस क्षेत्र में सरसों तेल की बढ़ती घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

पुरी ने कहा सरसों तेल खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का हिस्सा है और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के जरिये सरकारी समर्थन घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने तथा निर्यात में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1.2 करोड़ टन सरसों तिलहन का उत्पादन किया।उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2024 से 2032 तक यह बाजार सालाना 4.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। इसके पीछे मुख्य वजह बढ़ती खर्च योग्य आय, स्वास्थ्य लाभ और शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से बढ़ती मांग से है।प्रबंध निदेशक पुरी ने टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल/ऊर्जा-कुशल व्यवसायों के लिए दिए जा रहे 'कार्बन क्रेडिट' के समान आर्थिक प्रोत्साहन का भी आह्वान किया।इसके अलावा उन्होंने अन्य एक प्रमुख सिफारिश में मलेशियाई पाम ऑयल संवर्द्धन परिषद (एमपीओपीसी) की तरह 'सरसों तेल विकास बोर्ड' की स्थापना की मांग की, ताकि भारतीय सरसों तेल को विश्वस्तर पर एक स्वस्थ तथा टिकाऊ विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा सके। प्रस्तावित बोर्ड सरसों के बीज की खेती को बढ़ावा देने और मूल्यवर्धित उत्पादों में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# रियल एस्टेट सेक्टर को मिलेगा बूस्टर डोज?

## घर का सपना हो सकता है मुमकिन



### सरकार लेकर आए सब्सिडी योजना

देश में बीते कुछ सालों में जमीन और बिल्डिंग मैटेरियल की कॉस्ट तेजी से बढ़ी है. इसका असर ये हुआ है कि घरों की लागत बढ़ने लगी और खरीदार कम होते गए. ऐसे में रियल एस्टेट सेक्टर चाहता है कि सरकार घर खरीदने को अफॉर्डेबल बनाने पर ध्यान दे. इतना ही नहीं वन ग्रुप के डायरेक्टर उदित जैन का कहना है कि सरकार को होम बायर्स के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम लाने का विचार करना चाहिए, ताकि लोग आराम से सस्ते दामों पर घर खरीद सकें.

**नई दिल्ली.**

मिडिल क्लास के लिए अपने घर का सपना पूरा करना अब नामुमकिन सा होता जा रहा है. दिल्ली-एनसीआर से लेकर लखनऊ, भोपाल जैसे शहरों तक में एक छोटे 2बीएचके अपार्टमेंट की कीमत अब 50 लाख रुपए के पार जा चुकी है. वहीं मार्केट का फोकस इस समय लग्जरी अपार्टमेंट पर है, ऐसे में अफॉर्डेबल हाउसिंग देश के लिए अब जरूरत बन चुकी है. ऐसे में क्या सरकार बजट में इसके लिए कोई प्रावधान करने वाली है, रियल एस्टेट सेक्टर को सरकार से क्या उम्मीदें हैं?

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का बजट पेश करने जा रही है.पिछले साल जुलाई में जब सरकार ने देश का पूर्ण बजट पेश किया था, तब मिडिल क्लास के घर खरीदना आसान बात कही गई थी. इस बार सरकार बजट में इस पर ठोस तरीके से काम कर सकती है.वहीं रियल एस्टेट सेक्टर की सबसे बड़ी डिमांड कि उसे एक इंडस्ट्री का दर्जा दिया जाए, इस पर भी सरकार फोकस कर सकती है. वहीं क्रेस्ट वेंचर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट जैश चोरारिया कहते हैं कि रियल एस्टेट सेक्टर की ग्रोथ बढ़ाने के लिए सरकार को इनकम टैक्स कानून में भी छूट देनी चाहिए.

होम लोन इंटरेस्ट पर मिलने वाली 2 लाख रुपए की टैक्स छूट लिमिट को सालों से नहीं बदला गया है, जबकि बाजार में ब्याज दरें और मकानों की कीमत दोनों बढ़े हैं. इससे देश में डिमांड कम हो रही है. सरकार इस लिमिट को 5 लाख रुपए कर सकती है. रियल एस्टेट कंपनी एसोटेक ग्रुप के चेयरमैन संजीव श्रीवास्तव का भी मानना है कि देश में अफॉर्डेबल हाउसिंग की बहुत जरूरत है. इस सेगमेंट में बीते कुछ सालों में तेजी से मकानों की संख्या कम हुई है और उसके चलते लोअर इनकम ग्रुप ने मकान खरीदने या रियल एस्टेट में इंवेस्टमेंट से हाथ पीछे खींच लिए हैं. ऐसे में सरकार क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम को पेश कर सकती है. रियल एस्टेट सेक्टर में मांग को बढ़ाने के लिए सरकार जहां जीएसटी में कटौती का उपाय कर सकती है. वहीं इंडस्ट्री को अफॉर्डेबल हाउसिंग को बढ़ावा देने के लिए कुछ राहत दे सकती है. इतना ही नहीं सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का फिर से विस्तार भी कर सकती है.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र पद्मिनी विकली लॉटरी | सोडत दर मंगळवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 04 | सोडत दिनांक 28/01/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | PM-01 : 4899 |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 4899 (अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई; ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1870 | 1906 | 3862 | 4023 | 5855 | 6471 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2414 | 2441 | 3560 | 4198 | 5282 | 5403 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1330 | 2696 | 3890 | 5502 | 5573 | 5953 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 3770 | 4513 | 4538 | 5577 | 5829 | 6391 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1705 | 2077 | 2452 | 2965 | 3431 | 3793 | 4163 | 4619 | 5110 | 5705 | 6089 | 6616 |
| | | 1710 | 2079 | 2475 | 3035 | 3442 | 3829 | 4184 | 4624 | 5153 | 5708 | 6101 | 6619 |
| 1011 | 1270 | 1712 | 2111 | 2502 | 3052 | 3443 | 3832 | 4189 | 4629 | 5164 | 5711 | 6121 | 6647 |
| 1015 | 1305 | 1713 | 2113 | 2517 | 3069 | 3455 | 3836 | 4196 | 4645 | 5171 | 5737 | 6131 | 6656 |
| 1018 | 1322 | 1718 | 2119 | 2523 | 3075 | 3473 | 3873 | 4202 | 4674 | 5187 | 5745 | 6196 | 6660 |
| 1021 | 1331 | 1719 | 2123 | 2524 | 3083 | 3519 | 3898 | 4208 | 4686 | 5198 | 5751 | 6226 | 6668 |
| 1030 | 1337 | 1741 | 2130 | 2558 | 3093 | 3521 | 3939 | 4228 | 4694 | 5248 | 5752 | 6228 | 6675 |
| 1042 | 1342 | 1751 | 2139 | 2562 | 3094 | 3523 | 3953 | 4254 | 4697 | 5251 | 5755 | 6233 | 6678 |
| 1049 | 1381 | 1781 | 2142 | 2576 | 3107 | 3527 | 3955 | 4283 | 4699 | 5255 | 5756 | 6248 | 6691 |
| 1058 | 1387 | 1784 | 2172 | 2586 | 3138 | 3530 | 3959 | 4286 | 4730 | 5260 | 5760 | 6257 | 6693 |
| 1074 | 1388 | 1788 | 2182 | 2589 | 3153 | 3543 | 3962 | 4304 | 4742 | 5274 | 5770 | 6282 | 6695 |
| 1085 | 1404 | 1791 | 2192 | 2623 | 3159 | 3561 | 3963 | 4307 | 4744 | 5304 | 5771 | 6306 | 6706 |
| 1089 | 1410 | 1801 | 2204 | 2642 | 3192 | 3574 | 3964 | 4374 | 4789 | 5313 | 5795 | 6307 | 6729 |
| 1097 | 1411 | 1808 | 2208 | 2649 | 3246 | 3582 | 3969 | 4375 | 4794 | 5357 | 5805 | 6345 | 6731 |
| 1101 | 1424 | 1809 | 2211 | 2688 | 3253 | 3585 | 3973 | 4391 | 4797 | 5395 | 5817 | 6346 | 6748 |
| 1104 | 1429 | 1819 | 2213 | 2704 | 3305 | 3593 | 3978 | 4394 | 4824 | 5445 | 5819 | 6347 | 6753 |
| 1122 | 1437 | 1830 | 2229 | 2708 | 3312 | 3614 | 3985 | 4397 | 4834 | 5460 | 5853 | 6369 | 6756 |
| 1124 | 1441 | 1850 | 2231 | 2722 | 3315 | 3638 | 3998 | 4405 | 4870 | 5500 | 5857 | 6376 | 6758 |
| 1128 | 1449 | 1855 | 2252 | 2724 | 3318 | 3643 | 4004 | 4417 | 4881 | 5502 | 5877 | 6386 | 6761 |
| 1129 | 1461 | 1878 | 2258 | 2727 | 3328 | 3667 | 4007 | 4420 | 4882 | 5511 | 5920 | 6389 | 6763 |
| 1131 | 1464 | 1881 | 2261 | 2742 | 3334 | 3700 | 4009 | 4421 | 4894 | 5517 | 5928 | 6396 | 6773 |
| 1152 | 1476 | 1885 | 2289 | 2763 | 3338 | 3702 | 4023 | 4432 | 4897 | 5518 | 5933 | 6418 | 6798 |
| 1155 | 1497 | 1887 | 2295 | 2799 | 3339 | 3709 | 4037 | 4437 | 4909 | 5526 | 5936 | 6451 | 6803 |
| 1174 | 1501 | 1900 | 2297 | 2815 | 3343 | 3710 | 4041 | 4449 | 4951 | 5530 | 5937 | 6492 | 6832 |
| 1191 | 1504 | 1901 | 2310 | 2820 | 3350 | 3713 | 4046 | 4457 | 4964 | 5540 | 5959 | 6503 | 6838 |
| 1192 | 1539 | 1917 | 2324 | 2824 | 3351 | 3715 | 4064 | 4465 | 4974 | 5549 | 5964 | 6523 | 6855 |
| 1193 | 1592 | 1918 | 2325 | 2825 | 3353 | 3716 | 4084 | 4477 | 4987 | 5551 | 5968 | 6549 | 6860 |
| 1194 | 1599 | 1937 | 2329 | 2826 | 3354 | 3728 | 4094 | 4485 | 4994 | 5558 | 5985 | 6551 | 6866 |
| 1196 | 1621 | 1959 | 2339 | 2827 | 3359 | 3730 | 4104 | 4498 | 5005 | 5568 | 5998 | 6563 | 6889 |
| 1198 | 1637 | 1960 | 2349 | 2850 | 3363 | 3732 | 4114 | 4518 | 5020 | 5580 | 6016 | 6578 | 6905 |
| 1199 | 1639 | 1991 | 2381 | 2902 | 3370 | 3734 | 4116 | 4519 | 5025 | 5587 | 6046 | 6596 | 6906 |
| 1211 | 1641 | 2008 | 2392 | 2921 | 3372 | 3739 | 4117 | 4560 | 5039 | 5588 | 6060 | 6597 | 6960 |
| 1216 | 1657 | 2014 | 2402 | 2925 | 3383 | 3761 | 4137 | 4564 | 5060 | 5595 | 6063 | 6598 | 6962 |
| 1234 | 1660 | 2023 | 2424 | 2926 | 3388 | 3773 | 4141 | 4602 | 5061 | 5648 | 6064 | 6600 | 6963 |
| 1255 | 1668 | 2028 | 2432 | 2932 | 3392 | 3779 | 4142 | 4604 | 5095 | 5657 | 6071 | 6610 | 6968 |
| 1265 | 1690 | 2067 | 2449 | 2952 | 3401 | 3780 | 4156 | 4606 | 5108 | 5667 | 6077 | 6611 | 6986 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत | सोडत दिनांक 21/02/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर | पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 50 लाख ( रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे ) | दुसरे बक्षिस ₹10 लाख ✶(रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)✶ | तिसरे बक्षिस ₹5 लाख ✶ (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) ✶ | तिकीट किंमत ₹200/-
पद्मिनी | सोडत दिनांक 28/01/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

प्रविण कडू : 9822472123

# जीबीएस से निपटने टास्क फोर्स का गठन

मुंबई.

महाराष्ट्र में आज मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें जीबीएस को लेकर काफी गंभीरता से चर्चा हुई है। इस बैठक को लेकर मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर हसन मुश्रीफ ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार द्वारा एसओपी तैयार किया गया है। पुणे और सोलापुर में ही जीबीएस के मामले सामने आए हैं। दूषित पानी की वजह से जीबीएस बीमारी फैल रही है। इस बीमारी से निपटने के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। केंद्र सरकार की टीम के साथ मिलकर राज्य सरकार की स्वास्थ्य विभाग की टीम काम कर रही है। अधिकारियों द्वारा इसे लेकर कहा जा रहा है कि इस बीमारी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने इस बैठक को लेकर



कहा कि जीबीएस को रोकने के लिए एसओपी तैयार की जाएगी। दूषित पानी की वजह से जीबीएस जैसी बीमारी होती है। यह संसर्गजन्य रोग नहीं है। सभी महानगरपालिकाओं सहित जिला परिषद स्तर पर भी साफ पानी की आपूर्ति को लेकर नियम बनाए जाएंगे। साफ पानी की आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जीबीएस पुणे के एक हिस्से में दिखाई दे रहा है क्योंकि वहां दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही थी। लेकिन अब वहां जीबीएस के मामले नहीं बढ़ रहे हैं। यह कोई नई बीमारी नहीं है। यह पुरानी बीमारी है।

बता दें कि महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) बीमारी की दहशत देखने को मिल रही है। पहले राज्य के पुणे से ही गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले सामने आ रहे थे। हालांकि, पुणे के बाद अब नागपुर में भी इस बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामले के सामने आने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड पर आ गए हैं। लोगों को डॉक्टर की सलाह बिना दवाई ना लेने की सलाह दी गई है।

### अलर्ट मोड में आई प्रशासन

पुणे के बाद नागपुर में भी गुइलेन बैरे सिंड्रोम के मरीज मिलने के चलते सरकारी अस्पतालों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन ने भी आवश्यक उपाय योजना के निर्देश दिए हैं। नागपुर के मेडिकल कॉलेज और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गंभीर अवस्था में दो मरीज पहुंचे हैं जिन्हें उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। बता दें कि जीबीएस इम्यून से जुड़ी एक दुर्लभ बीमारी है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मरीज के मिलने के बाद नागपुर सहित विदर्भ के सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नागपुर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अविनाश गावंडे ने बताया कि प्रशासन ने इस बीमारी के मरीजों के इलाज के व्यापक के इंतजाम किए हैं।

## एक साल तक नहीं बढ़ेगा टोल टैक्सः मुख्यमंत्री

**मुंबईः** मुंबई वालों को देवेंद्र फडणवीस सरकार ने बड़ी राहत दी है. अगर आप अटल सेतु पर यात्रा करते हैं तो महाराष्ट्र कैबिनेट का यह फैसला आपके लिए ही है. जी हां, ममहाराष्ट्र की फडणवीस कैबिनेट ने अटल सेतु के बाबत मंगलवार यानी 28 जनवरी 2025 को बड़ा फैसला लिया. कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला हुआ कि अटल सेतु पर अगले एक साल तक टोल टैक्स नहीं बढ़ेगा. दरअसल, महाराष्ट्र कैबिनेट की मंगलवार को बैठक हुई. कैबिनेट बैठक में महाराष्ट्र सरकार ने शिवड़ी-न्हावाशेवा अटल सेतु के लिए एक और साल के लिए टोल टैक्स 250 रुपये ही बरकरार रखने का फैसला किया गया. सरकार ने साफ कर दिया कि अगले एक साल तक यहां टोल नहीं बढ़ाया जाएगा. सरकार के इस फैसले से मुंबई और आसपास के इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. अटल सेतु का निर्माण पिछले साल जनवरी महीने में किया गया था. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल) का उद्घाटन किया था. जिसे 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है.

## मृत्यु दंड की सजा पाए अभियुक्तो किया बरी

**मुंबई.** मुंबईः सॉफ्टवेयर इंजीनियर एस्थर अनुसाया बलात्कार और हत्या मामले में दोषी रिक्शा चालक को बरी कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला सुनाया. एस्थर अनुसाया की हत्या के मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी. इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया और दोषी चंद्रभान सानप को बरी कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अभियोजकों की दलीलों में खामियां पाए जाने के बाद सानप को बरी कर दिया था। मुंबई की एक विशेष महिला अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप में चंद्रभान सानप को मौत की सजा सुनाई थी। उन्हें धारा 376ए के तहत आजीवन कारावास और अन्य धाराओं के तहत 50,000 रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई गई. इस सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई. इसके बाद आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. एस्थर अनुसया हत्याकांड में पुलिस ने 542 पेज की चार्जशीट दाखिल की



थी. इसमें कुल 42 गवाहों के बयान दर्ज किये गये. मुख्य आरोपी चंद्रभान सानप के खिलाफ पुलिस के पास पुख्ता सबूत थे. विशेष रूप से, जांच के दौरान प्राप्त डीएनए साक्ष्य ने सानप को दोषी ठहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मामले में सात गवाहों की गवाही निर्णायक रही.

जिसने घटना वाले दिन सानप को एस्थर के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बाहर जाते देखा था। पहचान परेड के दौरान इन गवाहों ने सानप की पहचान की थी। क्या है. एस्तेर आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम इलाके की रहने वाली थी और मुंबई में टीसीएस कार्यालय में कार्यरत थी। वह क्रिसमस के मौके पर अपने परिवार के साथ आंध्र प्रदेश गई थीं. 5 जनवरी 2014 को एस्थर मुंबई लौट आईं। लेकिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर उतरने के बाद वह लापता हो गई।

## हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाकर क्या हासिल करना चाहती है कांग्रेस?

**मुंबई.** महाकुंभ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रयागराज में गंगा स्नान किया. इसे लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमित शाह की आलोचना की. क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है? ये सवाल खड़गे ने पूछा था. मल्लिकार्जुन खड़गे की आलोचना पर शिवसेना नेता और पूर्व सांसद संजय निरुपम ने पलटवार किया है. क्या कांग्रेस अपने अध्यक्ष की बेशर्मी से सहमत है? महाकुंभ का जन विरोध कांग्रेस का है क्या कोई आधिकारिक नीति है? यह पूछते हुए संजय निरुपम ने मल्लिकार्जुन खड़गे की आलोचना पर ध्यान दिया. उन्होंने यह भी कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी कुंभ में रखा था. मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी नेताओं के महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित बयान दिया था. सौ जन्म लेने पर भी स्वर्ग में जगह नहीं मिलेगी, क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो जाएगी?

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

### >अनमोल बिश्नोई ने क्यों दिया था हमले का आदेश!

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुंबई में हुई एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बड़ी खबर सामने आई है। सिद्दीकी पर हमले के आरोपी और मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को दिए अपने इकबालिया बयान में बताया है कि इस हत्या का आदेश क्यों मिला था। गौतम ने बताया कि अनमोल बिश्नोई ने दाऊद इब्राहिम से संबंध और 1993 के मुंबई धमाकों में शामिल होने की वजह से बाबा सिद्दीकी पर हमला करने का आदेश दिया था।

12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में सिद्दीकी (66) की हत्या हो गई थी। इस हत्याकांड को सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर अंजाम दिया था। गौतम ने यह भी दावा किया कि उसे बाबा सिद्दीकी या जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके बदले उसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया गया था। बता दें



कि गौतम का इकबालिया बयान दायर आरोपपत्र का हिस्सा है।

गौतम ने पुलिस को बताया कि वह पुणे में कबाड़ जमा करता था और सह-आरोपी हरीश कुमार कश्यप को सामान बेचता था। कबाड़ की दुकान संचालित करने वाले कश्यप ने उसके रहने का इंतजाम किया था। इसी दौरान उसकी पहचान प्रवीण लोनकर और उसके भाई शुभम लोनकर से हुई थी। गौतम ने बताया कि एक दिन शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते हैं। जून 2024 में शुभम लोनकर (शुब्बू) ने मुझे और धर्मराज कश्यप (सह-शूटर) को बताया कि अगर हम उसके कहने पर काम करेंगे तो हमें 10 से 15 लाख रुपये दिए जा सकते हैं। जब मैंने काम के बारे में पूछा तो शुभम ने हमें बताया कि हमें बाबा सिद्दीकी या उसके बेटे ज़ीशान सिद्दीकी को मारना है। लेकिन उसने कोई और जानकारी नहीं दी।

## ठाणे में घरों के ताले तोड़ने वाले दो गिरफ्तार

ठाणे.

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कई घरों में चोरी के मामले में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनके पास से 21.45 लाख रुपये की कीमत के चोरी के तांबे के पाइप जब्त किए हैं. एक अधिकारी ने मंगलवार को ये जानकारी दी है.

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावणे ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने सोमवार को भिवंडी और कल्याण के बीच एक सड़क पर एक टेम्पो को रोका और उसमें सवार दो लोगों को पकड़ लिया. उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर ठाणे में अलग-अलग जगहों पर घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

## शिवसेना कार्यकारिणी का पुनर्गठन शुरू

### > इंटरव्यू पास किया तभी मिलेगा शिवसेना में मुंबई कार्यकारिणी पद

मुंबई.

एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने नगर निगम चुनावों से पहले अपनी मुंबई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठनात्मक पदों के लिए इंटरव्यू 28 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के आधार पर आयोजित किए जाएंगे। इस प्रक्रिया की निगरानी शिवसेना कोर कमेटी के सदस्य करेंगे और नियुक्तियों की अंतिम मंजूरी शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे देंगे।

शिवसेना ने एक-एक पद के लिए कई उम्मीदवार होने के कारण असंतुष्टों को मनाने के लिए यह फार्मूला निकाला है। शिवसेना सचिव किरण पावसकर के



अनुसार, ये इंटरव्यू एकनाथ शिंदे के सीधे मार्गदर्शन में आयोजित किए जाएंगे।

इन पदों पर पोस्टिंग

चयन प्रक्रिया का मकसद विभाग प्रमुख, महिला विभाग संयोजक, विधानसभा प्रमुख (पुरुष और महिला), विधानसभा समन्वयक, उप-विभाग प्रमुख, शाखा प्रमुख, युवा सेना प्रतिनिधि और अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए समर्पित और सक्षम नेताओं की पहचान करना है।

किरण पावसकर ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जीत के जश्न के दौरान एकनाथ शिंदे के भाषण का जिक्र किया। जिसमें शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से नगर निगम चुनावों की तैयारियों को तेज करने का आग्रह किया था। इस दिशा-निर्देश के बाद रंगशारदा सभागार में मुंबई नगर निगम चुनाव समीक्षा बैठक के दौरान मुंबई कार्यकारिणी को पुनर्गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था।

पावसरकर ने कहा, 'शिवसेना की नींव समर्पित जमीनी कार्यकर्ताओं पर टिकी है। हर शिवसैनिक पार्टी के भीतर बड़ी जिम्मेदारियां निभाने की इच्छा रखता है। ये इंटरव्यू हर एक उम्मीदवार की नेतृत्व क्षमता और पार्टी के विजन में योगदान देने की क्षमता का आकलन करेंगे। योग्यता-आधारित और पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करके, हमारा लक्ष्य ऐसे नेताओं को नियुक्त करना है जो पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करें और सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकें।' इस पुनर्गठन से शिवसेना के कैडर को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी बढ़ेगी।

## बेवफाई के शक में पति बना कातिल

### >पत्नी और बेटे को बेरहमी से मार डाला

**मुंबई.** मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 40 साल के एक शख्स ने अपनी पत्नी और बेटे की नायलॉन की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी, फिर इस घटना को आत्महत्या करार दिया। मुंबई पुलिस ने इस मामले में शख्स को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी शिवशंकर दत्ता ने यह अपराध इसलिए किया क्योंकि उसे अपनी 36 साल की पत्नी की वफादारी पर शक था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उसने कथित तौर पर अपने बेटे की हत्या कर दी क्योंकि उसने हत्या देखी थी।

**पति ने पत्नी को क्यों मारा?**

आरोपी शिवशंकर दत्ता ने यह अपराध इसलिए किया क्योंकि उसे अपनी 36 वर्षीय पत्नी की वफादारी पर शक था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, उसने कथित तौर पर अपने बेटे की हत्या कर दी क्योंकि उसने हत्या देखी थी। यह घटना सोमवार दोपहर को सामने आई जब शिवकुमार ने पुलिस



को सूचित किया कि उनकी पत्नी पुष्पा दत्ता और उनके बेटे ने मुंबई के कांदिवली इलाके में एक चॉल में उनके घर में फांसी लगा ली है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

> अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। अधिकारी ने आगे कहा, 'पुलिस को शिवशंकर की तरफ से बताए गए घटनाओं के क्रम में गलतियां मिलीं।

> पूछताछ के दौरान, उसने एक्स्ट्रा मेरिटल के शक में अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसने अपने बेटे को भी इसी तरह से मार डाला क्योंकि उसने हत्या देखी थी।'

> शिवशंकर ने इसे आत्महत्या का रूप दिया और उनके शवों को छत की स्टील रॉड से लटका दिया।

## सातवीं कक्षा के छात्र ने रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**सोलापूर.** माढा तालुका के अधेगांव में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 14 वर्षीय लड़के ने अज्ञात कारणों के चलते अपने सिर में रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना सोमवार (27 तारीख) को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे घटी. लड़के का नाम श्रीधर गणेश नास्ते (उम्र 14) है।

श्रीधर सराती (इंदापुर) में जीजामाता प्रशाला में सातवीं कक्षा में पढ़ रहे था। घटना वाले दिन वह घर पर बीमार था। उन्हें जांच के लिए अस्पताल लाया गया. डॉक्टर ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है. सोमवार की दोपहर उसने अज्ञात कारण के चलते घर में ऊपर जाकर रिवाल्वर से गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गोलियों की आवाज सुनकर जब मां, दादा



और घर के अन्य लोग दौड़े तो वह खून से लथपथ पाया गया।

जीवन समाप्त करने का कारण पता नहीं चल सका। माना जाता है कि श्रीधर के पिता राजस्थान में सीमा सशस्त्र बल में पुलिस निरीक्षक के रूप में कार्यरत थे। वह अपनी माँ, छोटे भाई, दादी, दादा के साथ रहता था। घटना की सूचना टेंभुर्णी थाने में दी गयी है. आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक स्वाति सुरवसे कर रही हैं।

## समुद्र तटों पर प्रवासी पक्षियों की भीड़

रायगढ़.

सर्दी के मौसम में विभिन्न देशी-विदेशी प्रवासी पक्षी हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रायगढ़ जिले में प्रवेश करते हैं। इन पार्टियों के लिए माहौल अनुकूल हो गया है. ठंड अच्छी पड़ने लगी है तो ये प्रवासी और स्थानीय पक्षी अपना ठिकाना बना चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि यहां के समुद्र तटों पर प्रवासी पक्षियों की भीड़ देखी जा रही है. इसलिए पक्षी प्रेमी, प्रेक्षक और पर्यटक खुश हैं।

रायगढ़ जिले में विदेशी प्रवासी पक्षियों और कुछ स्थानीय प्रवासी



पक्षियों का रेला देखा जाता है।

ये पक्षी घास में कीड़े और लार्वा और भंडारित जलाशयों में पानी में कीड़े, कीड़े, मोलस्क के साथ-साथ छोटे केकड़े, मोलस्क, मछली, पानी के कीड़ों को खाकर पर्यावरण की रक्षा करने और जैव विविधता को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समुद्री तट, दलदली क्षेत्र। ये पार्टियाँ जिले के समुद्र तटों, दलदलों, जंगलों, धान के खेतों, खाड़ियों और घास के मैदानों में देखी जाती हैं। रायगढ़ जिले में 400 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ दर्ज हैं। प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवासों की एक विस्तृत विविधता है। इसलिए अच्छी संख्या में पक्षी प्रवेश करते हैं। सर्दियों के मौसम के दौरान समुद्र तट, आर्द्रभूमि, घने जंगल, दलदल, विभिन्न प्रकार की पक्षी प्रजातियाँ जैसे आवास जिले में आते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ शांतनु कुवेस्कर ने बताया कि यह गुलाबी सर्दी पक्षी प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए एक दावत है।

**विदेशी प्रवासी पक्षियों की प्रधानता**

ब्लू थ्रोट, यूरोपियन रोलर, यूरेशियन राइनेक, साइबेरियन स्टोनचैट, बंटिंग्स, पैलिड हैरियर सबसे लोकप्रिय पक्षी हैं।

**> आजीविका के लिए करते है यात्रा**

यूरोप, रूस और उत्तरी अमेरिका जैसे उत्तरी गोलार्ध के देशों में सर्दियों की बर्फ के कारण जमीन की सतह बर्फ से ढक जाती है, इसलिए पक्षियों के लिए भोजन प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है, इसलिए ये पक्षी अपनी आजीविका कमाने के लिए विभिन्न देशों में चले जाते हैं। इसके अलावा, हमारा ठंडा मौसम और पर्याप्त भोजन और उपयुक्त आवास इन पक्षियों के लिए अपना घोंसला बनाना और अपने बच्चों का पालन-पोषण करना आसान बनाते हैं।

## जिला योजना बैठक में 729.87 करोड़ की योजना को मंजूरी

**जलगांव.** महायुति सरकार बनने के बाद जलगांव जिले में पहली बार जिला योजना की बैठक हुई. इस बैठक में 729.87 करोड़ की योजना का प्रस्ताव रखा गया है और सरकार से सोलह सौ करोड़ की मांग की गयी है. साथ ही जिलाधिकारी आयुष प्रसाद ने जिला योजना की बैठक में उद्योग के लिए प्रयास करने का सुझाव दिया. जिला योजना कार्यालय में दोपहर एक बजे जिला योजना की बैठक शुरू हुई. जिले के संरक्षक मंत्री गुलाबराव पाटिल, सांसद स्मिता वाघ, विधायक सुरेश भोले, विधायक किशोर पाटिल, विधायक चंद्रकांत सोनवणे, विधायक अनिल पाटिल, विधायक अमोल जावले, विधायक एकनाथ खडसे, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. महेश्वर रेड्डी, आयुक्त ढेरे उपस्थित थे।

### आज का राशिफल

मेष-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण लाभ लेकर आने वाला है। कारोबार में आपको अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता होगी।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

कर्क -आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप संतान को किसी नई नौकरी के काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है,

सिंह- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी,

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई फैसला जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्सो को बढ़ाने वाला रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलती दिख रही है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको पारिवारिक मामलों को घर में ही सुलझाने की आवश्यकता है।

धनु -आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आपको समस्या नहीं आएंगी।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा।

मीन-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे,

## पुलिस का जरांगे और उनके समर्थकों को नोटिस

जालनाः

मराठा आरक्षण प्रदर्शनकारी मनोज जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण और अन्य मांगों को लेकर फिर से भूख हड़ताल शुरू कर दी है. जरांगे पाटिल का यह आंदोलन कानून के पचड़े में फंसने की संभावना है. पुलिस ने जरांगे पाटिल समेत कोर कमेटी और समर्थकों को नोटिस जारी किया है.मनोज जरांगे पाटिल की भूख हड़ताल का आज चौथा दिन है. भूख हड़ताल से मनोज जरांगे की तबीयत बिगड़ गई है. मसाजोग के सरपंच दिवंगत संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख अनशन में शामिल हुए हैं. वहीं, अब पुलिस ने अनशनकारियों को नोटिस जारी किया है. नोटिस में पुलिस ने क्या कहा? मराठा समुदाय के आरक्षण और अन्य मांगों को लेकर अंतरवाली सराती में सामूहिक भूख हड़ताल शुरू हो गई है. मनोज जरांगे पाटिल भी अनशन पर हैं. सामूहिक भूख हड़ताल में मनोज जरांगे पाटिल के साथ



अन्य नागरिक भी शामिल हुए हैं. पुलिस ने अपने नोटिस में बताया है कि भूख हड़ताल में शामिल होने वाले लोगों के नाम, कौन किस स्थान पर भूख हड़ताल पर बैठा है और आंदोलनकारियों का नाम नहीं बताया गया है. जानकारी नहीं दी गयी. इसके अलावा पुलिस के नोटिस में कहा गया है कि उनकी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दी गई है. सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट, औरंगाबाद बेंच के निर्देशानुसार कोर्ट ने आंदोलनकारियों को अनशन के दौरान दवा लेने की सलाह दी है. लेकिन देखा गया है कि कुछ व्रतधारी लोग दवा लेने से इनकार कर रहे हैं और इसका उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि, पुलिस ने कोर कमेटी को हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी की जान को नुकसान न पहुंचे. साथ ही पुलिस को कोर्ट के निर्देश का पालन करने का निर्देश दिया गया है.


महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग क्र. १. नागपुर
ई-मेल-div1nagpur.ee@mahapwd.com

**ई-निवीदा सुचना क्रमांक ७२/२०२४-२५**

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र. १. नागपूर हे महाराष्ट्र शासनाचे सा.बां. विभागाकडील योग्य त्या वर्गातील नॉदणीकृत कंत्राटदाराकडुन खालील कामाकरीता दि.१ नमुन्यात निविदा प्रणालीदवारे (ऑनलाईन) निवोदा मागवांत आहेत. कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर bp:// mahatenders.gov.in, https://mahapwd.com येथून डाउनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता सा.बां. विभाग क्र. १. नागपुर यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निवीदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | कामाची किमत (रू. लाखात) | निवीदा प्रप्रत्र किमत (रूपये) | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी (महाने) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design. Supply, Installation, Testing And Commissioning Of 500 CMP) Decentralized Packaged Building Laquid Waste Management System(DPBLWMS) Including All Civil. Machanical. Electrical & Instrumentation Near Administrative Building No. ०२. In Divisional Commissioner Office Premises. | 429.26 | 2360/- | 12 Months |
| 2 | Repairs To BT Surface At Hon'ble High Court, Bombay, Bench NagpurPremises. Civil Lines, Nagpur. | 35.26 | 590 | 05 Months |

१. या कामांचे निवीदा फार्म विक्री करीता http://uahatenders.gov.in. https://mahapwd.gov.in या संकन स्थळाला भेट द्यावी. सदर निवीदा सुचनेची प्रत या कार्यालयातील सुचना फलकावर पहावयास मिळेल,
२. निवोदेच्या अटी व शर्मा प्रारूपात दर्शविल्याप्रमाणे राहील.
३. या निवीदा सुचनेत काही बदल होत असल्यास बरोल वेबसाईटवरती शुध्दीपत्रक प्रकाशित होतील.
४. कोणतेही कारण न दर्शविता अंशतः किंवा संपुर्ण निविदा रदद अथवा फेरफार करण्याचा अधिकार सक्षम प्राधिकाजांनी राखुन ठेवलेला आहे.
५ ई-निवीदा पोर्टलवर "बिड लॉक" झाल्यानंतर निवीदाबाबत 'हार्ड कॉपी'र प्रतीत कंत्राटदारानी तिन दियमाच्या आत सादर करणे अनिवार्य राहील.
६. सदर स्थापत्य कोमाकरीता Post Qualification Criteria लागू राहील.

स्वा./-
कार्यकाल अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभागक्र. १
नागपुर

जावक क्र. ८७८/दि.२९/०१/२०२५


CMYK

## सुविचार

सिर्फ दिखावे के लिए अच्छे मत बनो ईश्वर तुम्हे बाहर से नहीं बल्कि भीतर से भी जानता है.

## संपादकीय

# भारत-इंडोनेशिया के बीच संबंध पुराना

❍ भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंधों में सहयोग का सफर बहुत पुराना रहा है और अमूमन हर मौके पर दोनों देशों ने नाजुक मौकों पर एक दूसरे का साथ दिया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जब वहां के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत आए, तो रिश्तों के नए आयाम भी खुले। कूटनीतिक पहलू से देखें तो दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच अंतरराष्ट्रीय कानूनों की एक 'पूर्ण और प्रभावी' आचार संहिता की वकालत करके दोनों देशों ने इस समूचे इलाके में एक मजबूत हस्तक्षेप किया है।

यह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि दक्षिण चीन सागर का क्षेत्र हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्रोत है। इसलिए चीन इस समूचे इलाके पर अपना प्रभुत्व जताता रहा है। वहीं विएतनाम, फिलीपींस और ब्रुनेई भी इस पर दावा करते हैं। साथ ही, भारत और इंडोनेशनिया ने आपस में आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया और बिना किसी 'दोहरे मापदंड' के इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। यह छिपा नहीं है कि दुनिया के कई देश और खासकर भारत के पड़ोसी कुछ देशों में आतंकवाद के मसले पर कथनी और करनी में कितना फर्क है। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने के संदर्भ में भारत के साथ इंडोनेशिया का मुखर होना अहम है।

साथ ही सांस्कृतिक सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और समुद्री सुरक्षा के मामले में कई सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर हुए और रक्षा के मोर्चे पर भी सहयोग को मजबूत करने की घोषणा हुई। गौरतलब है कि मौजूदा भूराजनीति के बदलते परिदृश्य में अलग-अलग मामलों में देशों के बीच जो नए समीकरण बन रहे हैं या फिर उनकी ओर से जो नीतियां अपनाई जा रही हैं, उससे उपजी चिंता के मद्देनजर संबंधों के नए सिरे खुलना भी स्वाभाविक है। हालांकि इस संदर्भ में मौजूदा दौर में जैसे समीकरण बन रहे हैं, उसके अनुकूल ज्यादा साहस के साथ ठोस पहल की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अतीत की बुनियाद से आगे बढ़ते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच अब सहयोग का नया सफर शुरू होगा।

# हरियाणा सरकार पर नरसंहार कराने का आरोप



संयम श्रीवास्तव



❍ आप पार्टी के सर्वेसर्वा और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने चौंकाने वाला दावा किया कि दिल्लीवासियों को मारने के लिए हरियाणा की बीजेपी सरकार यमुना में जहर मिला कर भेज रही है. आप मुखिया ने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए यह बात कही है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को पीने के लिए पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है. यमुना में हरियाणा से पानी दिल्ली में आता है. बीजेपी की हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है. हालांकि अरविंद केजरीवाल यह भी दावा करते हैं की, दिल्ली जल बोर्ड ने उस पानी को दिल्ली में आने से रोक दिया है. इस चुनाव में सभी दलों ने अपने विरोधियों को घेरने के लिए सारी मर्यादा तोड़ दी है. पर इस तरह का आरोप तो आज तक के इतिहास में किसी भी दल ने किसी भी सरकार पर नहीं लगाया था. अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट में बीजेपी को टारगेट करते हुए लिखा, 'इतनी गंदी राजनीति देश ने आज तक नहीं देखी थी.अगर दिल्ली की जनता बीजेपी को वोट नहीं दे रही, तो क्या दिल्ली की जनता को ज़हर मिला पानी पिलाकर मार दोगे? हरियाणा से आने वाले पानी में वहां की बीजेपी सरकार जहर मिलाकर भेज रही है. मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहता हूं कि जब तक केजरीवाल है, दिल्लीवालों को कोई नुकसान नहीं होने दूंगा. बीजेपी वालों, इतना भी मत गिरो.' अरविंद केजरीवाल जिस तरह का आरोप हरियाणा सरकार पर लगा रहे हैं वह बहुत गंभीर मसला है. अगर दिल्ली की जनता किसी राज्य की जनता का नरसंहार करना चाहती है तो यह बयानबाजी का विषय न होकर एक्शन का विषय होना चाहिए. केजरीवाल को इसके लिए पुलिस और कोर्ट का सहारा लेना चाहिए. केजरीवाल जिस जनता की रक्षा की बात कर रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए वो दिल्ली पुलिस में मुकदमा कराएंगे?

इसका जवाब है नहीं. क्योंकि इस तरह का आरोप अरविंद केजरीवाल कई बार लगाएं हैं और उन्हें मुंह की खानी पड़ी है. इसे देखते हुए लगता है कि अरविंद केजरीवाल तो कोर्ट नहीं जाएंगे पर उनके विरोधी जरूर कोर्ट का शरण लेने वाले हैं. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा और दिल्ली की जनता से तुरन्त माफी मांगे, वर्ना हम उनके खिलाफ करेंगे मानहानि का दावा करेंगे.

सैनी कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2020 में झूठा वादा किया था कि अगर यमुना को दूषित होने से नहीं बचाया तो कभी वोट नहीं मांगूंगा. अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने समय रहते यह पानी नहीं रोका होता तो ये यह एक सामूहिक नरसंहार होता. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह एक ऐसा जहर है जिसे दिल्ली के जल शोधन संयंत्र भी साफ नहीं कर सकते. इस वजह से, दिल्ली के एक तिहाई हिस्से में पानी की कमी है. उधर हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज ने केजरीवाल के दावों का खंडन किया और दोष उन पर ही डाल दिया.हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल झूठ की फैक्ट्री हैं. विज कहते हैं कि सभी पत्रकारों और विश्लेषकों को उस जगह ले जाएं जहां से यमुना दिल्ली में प्रवेश करती है और पानी की गुणवत्ता की जांच करें. फिर दिल्ली में पानी की गुणवत्ता की जांच करें. वे अंतर देखेंगे. अनिल विज ने आप प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में नदी को साफ करना हमारा काम नहीं है, यह अरविंद केजरीवाल का काम था, जो वह नहीं कर सके.

## व्यंग्य

वीरेन्द्र 'सरल'

# अतिक्रमण

❍ गिरगिट को रंग बदलने की कला में पारंगत देख गिद्ध ने भी इस कला को साधने की कोशिश की पर सफल नहीं हुआ। कई बार प्रयास करने पर भी उसे असफलता हाथ लगी। वह एकदम उदास हो गया और जंगल के बीच एक पुराने तालाब के पास एक पेड़ के नीचे जाकर गुमसुम बैठ गया। तभी वहाँ कुछ जानवर पानी पीने के लिए पहुँचे। गिद्ध को उदास देख उनमें से एक ने उसकी उदासी का कारण पूछा। गिद्ध ने अपनी व्यथा-कथा उन्हें सुना दी। तब सियार बोला-''वत्स! यहाँ गिरगिटों की कमी तो है नहीं है, जिधर नजर डालो वहीं गिरगिट नजर आते हैं, तो फिर इस कला को साधने के लिए व्यर्थ परिश्रम करने का क्या मतलब? यदि तुम चाहो तो हम तुम्हें एक नहीं, कई कलाओं में पारंगत बना सकते है।'' गिद्ध सहमति में सिर हिलाया। तब सियार बोला-''चलो, आज से मैं तुम्हें अपनी धूर्तता प्रदान करता हूँ। कुत्ते ने कहा मैं तुम्हें दुर्बलों के सामने भौंकने और सबल के सामने दुम हिलाने की कला देता हूँ। लोमड़ी बोली मैं तुम्हें अपनी चालाकी देती हूँ। तभी तालाब के पानी से एक मगरमच्छ निकल कर बोला मैं तुम्हें अपनी आँसू बहाने की कला देता हूँ। सब लोग गिद्ध को कुछ-न-कुछ दे रहे थे तो वहीं एक बिल में घुसी बैठी स'र्पिणी को भी जोश आ गया। वह बिल से निकलकर बोली मैं तुम्हें अपनी निष्ठुरता देती हूँ।

तुम्हें पता है न कि मैं इतनी निष्ठुर हूँ कि अपने बच्चों को भी खा जाती हूँ। उन सबकी बातों को सुनकर पेड़ पर बैठी कोयल डर गई और वहाँ से उड़ने लगी। उस पर सियार की नजर पड़ गई। वह अपनी धूर्तता का सफल प्रयोग करते हुए बोला-'' कोयल बहिन! क्या तुम इस बेचारे को कुछ नहीं दोगी? सभी जानवर सियार की बातों का समर्थन करते हुए कोयल से आग्रह करने लगे। मजबूर होकर कोयल बोली-''अच्छा चलो, इसे मैं अपनी मनमोहक आवाज और अंदाज देती हूँ।'' इतना कहकर कोयल फुर्र से उड़ गई। सियार के होंठों पर कुटिल मुस्कान आ गई।

इसके बाद सबने समवेत स्वर में ग़िद्ध से कहा कि अब तुम एक नहीं कई कलाओं में प्रवीण हो गये हो। इनके बदौलत तुम्हें जो भी कमाई होगी उसका आधा हिस्सा तुम्हारा बाकी हम सबका रहेगा, ठीक है ना? गिद्ध के आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। मगरमच्छ को लगा कि कहीं सबसे पहले यह मेरी कला का प्रयोग हम पर ही न कर रहा हो। वह उसे संदेह की नजर से देखने लगा। कुछ समय तक सभी जानवर यूं ही बातचीत करते हुए बैठे रहे। उसके बाद गिद्ध की सफलता की शुभकामना देते हुए अपने-अपने शिकार के लिए जंगल की ओर निकल पड़े। गिद्ध लालच में पड़कर इन सभी दुर्गणों को आत्मसात तो कर गया पर बाद में सोचने लगा आखिर इन दुर्गणों का दुरूपयोग मैं सफलतापूर्वक किस क्षेत्र में कर पाऊँगा। तभी वहाँ आकाशवाणी हुई-''वत्स!

तुम चिन्ता मत करो। तुम अपने इन दुर्गणों का प्रयोग जीवन के हर क्षेत्र में कर सकते हो। राजनीति से धर्म नीति तथा अर्थ नीति से शिक्षा नीति तक ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं हैं जहाँ तुम्हारी इन कलाओं की उपयोगिता न हो। रंग बदलने के बजाय तुम्हें भेष बदलने की कला का वरदान मिल चुका है। वैसे भी तुम्हारी तेज दृष्टि से कोई भी शिकार आसानी से बच नहीं सकता। तुम और तुम्हारे वंशज अब संसार में दलाल के नाम से जाने जायेंगे मगर पहचाने नहीं जायेंगे। अब तो खुश हो ना?

## आस्था

# सभी सप्तमियों में रथ सप्तमी सबसे श्रेष्ठ

❒ रथ सप्तमी की आत्मा के कारक सूर्य देव को समर्पित है. कहते हैं कि माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को सूर्य देव का अवतरण हुआ था. इस शुभ अवसर पर रथ सप्तमी का पर्व मनाया जाता है. हिंदू धर्म की सभी सप्तमियों में रथ सप्तमी सबसे श्रेष्ठ मानी जाती है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान सूर्य की सच्चे मन से पूजा करने वाले को आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है. इसके अलावा करियर-कारोबार में तरक्की मिलने के साथ सभी बिगड़े काम भी बनने लगते हैं. हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत सोमवार, 4 फरवरी को सुबह 4 बजकर 37 मिनट पर होगी. वहीं तिथि का समापन मंगलवार, 5 फरवरी को रात 2 बजकर 30 मिनट पर होगा. उदया तिथि के अनुसार रथ सप्तमी का पर्व 4 फरवरी को मनाया जाएगा. पंचांग के अनुसार, रथ सप्तमी के दिन स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 23 मिनट से लेकर 7 बजकर 8 मिनट तक रहेगा.

इस दौरान लोग स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य और पूजन कर सकते हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान सूर्य की पूजा करने से लोगों को अक्षय फल की प्राप्ति होती है. साथ ही प्रसन्न होकर भगवान भास्कर अपने भक्तों को सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद देते हैं. इस दिन सूर्य की ओर मुख करके सूर्य स्तुति करने से त्वचा रोग आदि दूर होते हैं और आंखों की रौशनी भी बढ़ती है. इस व्रत को श्रद्धा और विश्वास से रखने पर पिता-पुत्र में प्रेम बना रहता है.

## आलेख

सतीश कुमार

# सैर

❒ एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा, मनोरंजन के लिए घूमना-फिरना, विनोद, विहार, सांध्य व प्रभातकालीन भ्रमण सामान्यतः सैर कहलाता है। युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं सभी के अच्छे स्वास्थ्य हेतु सुबह की सैर एक संजीवनी है। सुबह की सैर अच्छी सेहत का सहज, सरल, सस्ता एवं सुविधाजनक ''रामबाण'' उपाय है। सुबह की सैर का कोई विकल्प नहीं, ऊषाकाल में पैदल चलना, फेफड़ों में भरपूर प्राणवायु- आक्सीजन भराव से रक्त शुद्धि के साथ-साथ विषैले पदार्थों का निष्कासन व अवांछित कॉलेस्ट्राल की मात्रा का घटाव होता है। वहीं पैदल चलने से श्वास गति हृदय, गति तथा रक्त चाप पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है तथा भूख भी बढ़ती है । सैर से स्नायुरोगी, मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है व रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ती है सो अलग। सुबह की सैर प्राकृतिक प्रशांतक है, मार्निंग वॉक से मस्तिष्क में एण्डोर्फिन हार्मोन स्त्रावित होता है जिससे स्वाभाविक परिवर्तन प्रसन्नचित्त रहना, सकारात्मक भावनाओं का प्रस्फुटन होता है। महत्वपूर्ण तथ्य तो यह भी है कि सुबह की सैर के दौरान हुए आत्म-मंथन से दिल, दिमाग, दिशा, दर्शन, दिनचर्या एवं दृष्टिकोण में बदलाव से जीवन-शैली में धनात्मक परिवर्तन आता है। मार्निंग वॉक हो या ईवनिंग वॉक यदि में हमसफर, हमपेशा, सहकर्मी, सहपाठी अथवा सखा-साथियों का साथ हो तो आपमें अंतरंगता बढ़ती है तथा ''मैं'' के स्थान पर ''हम'' की भावना बलवती होती है, साथ ही परस्पर समर्थन, सहयोग व विश्वास के भाव में भी स्थायित्व आने लगता है। इंसान अगर अपनी बायोक्लॉक (जैव घड़ी) का पालन करे जैसे अन्य पशु'पक्षी करते है तो स्वाभाविक तौर पर बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है।




ग्वालियर दुर्ग ग्वालियर शहर का प्रमुखतम स्मारक है। यह किला 'गोपाचल' (गोप + अचल = गोपाचल) गोप पर्वत नामक पर्वत पर स्थित है। स्थानीय किंबदन्तियों के अनुसार इस दुर्ग का निर्माण करने वाले पहले राजा 9वीं शताब्दी में वर्तमान समय में यह दुर्ग एक पुरातात्विक संग्रहालय के रूप में है। इस दुर्ग में स्थित एक छोटे से मन्दिर की दीवार पर शून्य उकेरा गया है जो शून्य के लेखन का दूसरा सबसे पुराना ज्ञात उदाहरण है। यह शून्य आज से लगभग 15000= वर्ष पहले उकेरा गया था।

लाल बलुए पत्थर से बना यह किला की नीव सूरजसेन कच्छवाहा ने रखी जिसे बाद में मान सिंह तोमर ने किले का रूप दिया। एक ऊंचे पठार पर बने इस किले तक पहुंचने के लिये दो रास्ते हैं। एक 'ग्वालियर गेट' कहलाता है एवं इस रास्ते सिर्फ पैदल चढा जा सकता है। गाडियां 'ऊरवाई गेट' नामक रास्ते से चढ सकती हैं और यहां एक बेहद ऊंची चढाई वाली पतली सड़क से होकर जाना होता है। इस सड़क के आर्सपास की बडी-बडी चट्टानों पर जैन तीर्थकंरों की अतिविशाल मूर्तियां बेहद खूबसूरती से और बारीकी से गढ़ी गई हैं। किले की तीन सौ पचास फीट उंचाई इस किले के अविजित होने की गवाह है।

इस किले के भीतरी हिस्सों में मध्यकालीन स्थापत्य के अद्भुत नमूने स्थित हैं। 15वीं शताब्दी में निर्मित गुजरी महल उनमें से एक है जो राजा मानसिंह और रानी मृगनयनी के गहन प्रेम का प्रतीक है। इस महल के बाहरी भाग को उसके मूल स्वरूप में राज्य के पुरातत्व विभाग ने सप्रयास सुरक्षित रखा है किन्तु आन्तरिक हिस्से को संग्रहालय में परिवर्तित कर दिया है जहां दुर्लभ प्राचीन मूर्तियां रखी गई हैं जो कार्बन डेटिंग के अनुसार प्रथम शती ईस्वी की हैं। ये दुर्लभ मूर्तियां ग्वालियर के आसपास के क्षेत्रों से प्राप्त हुई हैं। पिछले 1000 वर्षों से अधिक समय से यह किला ग्वालियर शहर में मौजूद है। भारत के सर्वाधिक दुर्भेद्य किलों में से एक यह विशालकाय किला कई हाथों से गुजरा। इसे बलुआ पत्थर की पहाड़ी पर निर्मित किया गया है और यह मैदानी क्षेत्र से 100 मीटर ऊंचाई पर है। किले की बाहरी दीवार लगभग 2 मील लंबी है और इसकी चौड़ाई 1 किलोमीटर से लेकर 200 मीटर तक है। किले की दीवारें एकदम खड़ी चढ़ाई वाली हैं।

यह किला उथल-पुथल के युग में कई लडाइयों का गवाह रहा है साथ ही शांति के दौर में इसने अनेक उत्सव भी मनाए हैं। इसके शासकों में किले के साथ न्याय किया, जिसमें अनेक लोगों को बंदी बनाकर रखा। किले में आयोजित किए जाने वाले आयोजन भव्य हुआ करते हैं किन्तु जौहरों की आवाज़ें कानों को चीर जाती है। शत्रु से सुरक्षा के लिए बनाए जानेवाले वास्तु का नाम क़िला या दुर्ग है। इन्हें 'गढ़' और 'कोट' भी कहते हैं। दुर्ग, पत्थर आदि की चौड़ी दिवालों से घिरा हुआ वह स्थान है जिसके भीतर राजा, सरदार और सेना के सिपाही आदि रहते है। नगरों, सैनिक छावनियों और राजप्रासादों सुरक्षा के लिये क़िलों के निर्माण की परंपरा अति प्राचीन काल से चली आ रही है।

# चंदनवुड चिल्ड्रन स्कूल...!



❒ आख मुलमुल. .गाल गुलगुल... बदन थुलथुल, मगर आवाज बुलबुल! वे मात्र बन पीस तहमद में लिपटे, स्टूल पर उकड़ूं बैठे, बीड़ी का टोटा सार्थक कर रहे थे! रह-रहकर अंगुलियों पर कुछ गिन लेते और बीड़ी का सूंटा फेफड़ों तक खींच डालते थे! जहां वे बैठे थे वहां कच्ची पीली ईंट का टिन से ढका भैंसों का एक तवेला था! न कोई खिड़की न रौशनदान! शायद उन्हें डर था कि भैंसें कहीं रौशनदान के रास्ते खिसक न जाएं! सुबहसवेरे का टाइम था और भैंसें शायद नाश्तोपरांत टहलने जा चुकी थीं! तवेला खाली पड़ा था!

उन्होंने मुझे भर आंख देखा भी नहीं और बीड़ी चूसते हुए अंगुलियों पर अपना अंतहीन केल्क्यूलेशन जोड़ते रहे!... मैंने उनसे संदलवुड चिल्ड्रन स्कूल का रास्ता पूछा तो उनकी आखों और बीड़ी में एक नन्ही सी चमक उभरी!... धीरे-से अंगुली आकाश की ओर उठा दी गोया नया चिल्ड्रन स्कूल कहीं अंतरिक्ष में खुला हो । मगर मैं उनका संकेत समझ गया! नजर ऊपर उठाई तो तवेले की टिन के ऊपर एक तख्ती नजर आई, जिस पर गोराशाही अंग्रेजी में कोयले से लिखा था-दि संदलवुड चिल्ड्रन स्कूल!... प्रवेश चालू! इंगलिश मीडियम से कक्षा 6 तक मजबूत पढ़ाई! प्रिंसिपल से मिलें!.. .' तख्ती पढ़कर मैं दंग रह गया!... यही है चंदन लकड़ी स्कूल?... चंदन दरकिनार, कहीं तारपीन या कोलतार तक की बू नहीं थी! मेरी मजबूरी अपनी जगह थी! मुहल्ले के गनेशीलाल के पोते के दाखले की जिम्मेदारी मुझ पर थी! खुद गनेशीलाल उम्रभर पढ़ाई-लिखाई की इल्लत से पाक रहे और अपने बेटे को भी पाक रखा! सिर्फ गुड़ की किस्में जान लीं और खानदानी कारोबार चलाते रहे!

मगर पोता ज्यों ही नेकर में पांव डालने की उम्र को पहुंचा, उनकी पतोहू ने जिद पकड़ ली कि छुटकन्ना पढ़िहैं जरूर, और वह भी निखालिस इंगलिश मीडियम से!... उसकी नजर में हिन्दी मीडियम से पढ़ने से बेहतर है कि गुड़ बेच ले! पतोहू ने अपने मैके में देखा कि अंग्रेजी मीडियम से पड़े छोकरे कैसे फट-फट आपस में इंगलिश में गाली-गलोज करते हैं! एक स्मार्टनेस सी रहती है!... चुनांचे गनेशीलाल मेरे पीछे पड़ गए कि छोकरे को कहीं अंग्रेजी मीडियम में डलवा ही दूं!... उधर जुलाई-अगस्त की झड़ी लगते ही चिल्ड्रन स्कूलों में वह किच-किच होती है कि आदमी अपना मरा हुआ बाप भले ही दोबारा हासिल कर ले, मगर बच्चे को स्कूल में नहीं ठूंस सकता!

अंग्रेजी के 'डोनेशन' और हिन्दी के 'अनुदान' का फर्क इसी वक्त समझ में आता है आदमी को! अनुदान के बीस रुपयों में बच्चा हिन्दी मीडियम में धंस जाता है, मगर डोनेशन तीन अंकों से' नीचे होता ही नहीं! . अंग्रेजी की ग्रेटनेस का पता यहीं पर चलता है! खैर...!

## लोककथा

# चूहे ने बंदर की पूंछ बचाई

❒ एक जंगल में एक हयीना रहता था। जंगल का कोई भी जानवर उसको नहीं चाहता था क्योंकि वह एक बहुत ही बेरहम जानवर था। एक दिन जब वह खाने की तलाश में इधर उधर घूम रहा था तो वह शिकारी के बनाये हुए एक गड्ढे में गिर पड़ा। गड्ढा गहरा था सो वह ऊपर तक कूद कर भी नहीं आ सका और उसी गड्ढे में पड़ा रह गया। उधर से बहुत सारे जानवर निकले परन्तु उन्होंने उसको जान बूझ कर देख कर भी अनदेखा कर दिया सो वह वहीं का वहीं पड़ा रहा। इत्तफाक से वहाँ से एक बंदर गुजरा। वह बंदर किसी दूसरे जंगल का था और उस हयीना को नहीं जानता था। उसने हयीना को देखा तो ऊपर से ही चिल्लाया "अरे हयीना भाई, तुम यहाँ कैसे? "हयीना बोला "क्या बताऊं बंदर भाई, मैं इधर खाने की तलाश में निकला था पर इन बदमाश शिकारियों के बनाए इस गड्ढे में गिर पड़ा। मेरी जान बचाओ, तुम्हारी बड़ी मेहरबानी होगी। बंदर बोला तुम कोई खराब किस्म के जानवर लगते हो क्योंकि इधर से जाने कितने आदमी और जानवर गुजरे होंगे पर तुमको किसी ने बचाया नहीं? हयीना बोला "पता नहीं, पर क्या तुमने मुझे कोई खराब काम करते देखा है? और जहाँ तक मेरे अच्छे कामों का सवाल है वह तो तुम आगे आने वाले समय में ही देख पाओगे। और वह फिर बंदर से अपने आप को गड्ढे में से निकालने की प्रार्थना करने लगा। काफी ना नुकुर के बाद बंदर उसकी सहायता करने के लिए राजी हो गया पर वह बोला "पर मैं तुम जितने बड़े जानवर को निकालूंगा कैसे, मैं तो बहुत छोटा सा हूं? हयीना बोला "तुम्हारे लिए तो यह बहुत आसान है। तुम अपनी पूंछ इस गड्ढे में लटका दो और मैं उसको पकड़ कर ऊपर तक चढ़ आऊंगा। बन्दर ने वैसा ही किया और हयीना उसकी पूंछ पकड़ कर ऊपर आ गया। ऊपर आ कर हयीना ने बंदर को बहुत धन्यवाद दिया और उसके इस काम के लिए अपनी कृतज्ञता प्रगट की। पर अचानक ही फिर वह बात बदल कर बोला "बन्दर भाई, मुझे तुम्हारी यह पूंछ बहुत पसन्द आयी। तुम अपनी यह पूंछ मुझे दे दो।"बंदर ने तो यह सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई उसकी पूंछ भी माँग सकता है सो वह कुछ नाराजगी से बोला "देखो न, मैं न कहता था कि तुम मुझे कोई खराब जानवर लगते हो तभी तो मेरे भलाई करने के बाद तुम अब मेरे शरीर का यह हिस्सा माँग रहे हो।"पर हयीना को तो बंदर की पूंछ बहुत पसन्द आ गयी थी इसलिए उसकी समझ में बंदर की कोई बात नहीं आ रही थी और इसी वजह से वह बन्दर से उसकी पूंछ देने के लिये जिद करता रहा। उसने तो बंदर से यहाँ तक भी कह दिया कि अगर उसने अपनी पूंछ उसे अपनी मरजी से नहीं दी तो वह उसकी पूंछ जबरदस्ती ले लेगा।

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 29 जनवरी 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# हंसराज अहीर की मध्यस्थता से आंदोलन की समाप्ति

**> 2019 तक की सूची में शामिल परियोजना पीड़ितों को पुनर्वास का लाभ दिया जाये: हंसराज अहीर**



**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

वेकोली वणी उत्तर क्षेत्र के कोलेरा और पिंपरी गांवों की पुनर्वास प्रक्रिया पिछले 30 वर्षों से शुरू नहीं होने के कारण , परियोजना प्रभावित ग्रामीणों ने 25 जनवरी 2025 से कोयला खदान में हड़ताल शुरू कर दी।

इस विरोध प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पुनर्वास के लंबित मुद्दों को लेकर वेकोलि के सीएमडी से फोन पर विस्तृत चर्चा की और प्रदर्शनकारियों की मांगों का समर्थन किया . धरना स्थल पर जाकर मुख्य महाप्रबंधक वणी उत्तरी क्षेत्र की उपस्थिति में पुनर्वास एवं अन्य न्याय संबंधी मांगों के समाधान के लिए पहल करते हुए एक माह के अंदर मामले का निपटारा करने का वादा किया जो वणी नॉर्थ द्वारा दिया गया था।

मुख्य महाप्रबंधक द्वारा परियोजना पीड़ितों को दिए गए आश्वासन के अनुसार एक माह के अंदर दोनों गांवों के पुनर्वास को लेकर परियोजना पीड़ितों की सूची का मामला सुलझा लिया गया है , 2019 तक की परियोजना पीड़ितों की नई सूची और पुरानी 2011 की सूची मुख्यालय को सौंप दी गई है , और नई सूची के धारकों से आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य का अनुरोध किया गया है , और परिवार के भीतर स्वामित्व अधिकार परिवर्तन को ध्यान में रखा गया है , और पुनर्वास लाभार्थियों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है। अहीर की मध्यस्थता द्वारा सुझाए गए समझौते के आधार पर परियोजना प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी खनन हड़ताल वापस ले ली ।

इस दौरान यवतमाल भाजपा जिला अध्यक्ष तारेंद्र बोर्डे , विजय पिदुरकर , बंडू चांदेकर , साधना उइके सरपंच , उपसरपंच केशव पिदुरकर, पवन एकरे , अतुल बोंडे , प्रियंका सातपुते , दीपक मत्ते , महेश देठे , बंडू खंडालकर , बालू खमनकर , अनिल बोधले , शंकर खमनकर आंदोलन के दौरान चर्चा और दोनों परियोजना में गांव के आंदोलनकारी मौजूद थे.

# सुरजागढ़ लौह अयस्क खान विस्तार: गढ़चिरौली की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक: पूर्व सांसद नेते का वक्तव्य



**गढ़चिरोली:** महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा जिला योजना समिति सभागार में सुरजागड़ लोह अयस्क खान के विस्तार पर आयोजित जनसुनवाई में स्थानीय लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। इस सुनवाई में लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपने क्रशिंग और स्क्रीनिंग प्लांट की क्षमता 10 एमटीपीए से 26 एमटीपीए तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

औद्योगिक प्रगति का मील का पत्थर –पूर्व सांसद अशोक नेते.

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री और पूर्व सांसद अशोक नेते ने इस जनसुनवाई में अपने विचार व्यक्त करते हुए सुरजागड़ परियोजना के गढ़चिरौली की औद्योगिक प्रगति में महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि सुरजागड़ गढ़चिरौली की औद्योगिक प्रगति का प्रतीक बनेगा। यह परियोजना जिले को पिछड़ेपन से बाहर निकालकर देश के औद्योगिक मानचित्र पर स्थान दिलाएगी। इसके अलावा, यह स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी, जिससे जिले का सर्वांगीण विकास होगा। परियोजना की पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर जोर देते हुए, नेते ने जनता को आश्वस्त किया कि जैव विविधता का संरक्षण और सतत विकास प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा, "यह परियोजना गढ़चिरौली की समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

नेते ने सुरजागड़ के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि 19वीं शताब्दी में टाटा समूह ने इस क्षेत्र में परियोजना स्थापित करने का विचार किया था। लेकिन उस समय सड़क और परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण यह परियोजना साकार नहीं हो सकी। उन्होंने लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बी. प्रभाकरण के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस परियोजना को आगे बढ़ाने की पहल की। नेते ने उनके योगदान को जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।





# देसाईगंज पुलिस ने अवैध मवेशियों का परिवहन कर रहे वाहन किये जब्त

**देसाईगंज.**

02 चारपहिया वाहन और 12 मवेशी समेत कुल 15,80,000 रुपये मूल्य का कीमती सामान जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने गढ़चिरौली जिले में अवैध रूप से वध के लिए मवेशियों का परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

दिनांक 28की रात्रि को दो वाहन अवैध रूप से पशुओं से भरे हुए थे तथा मौजा देसाईगंज से जुनी वडसा रोड की ओर जा रहे थे। ऐसी गोपनीय जानकारी के आधार पर, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियोंके मार्गदर्शन में देसाईगंज थाने में दबिश दी गई। पुलिस निरीक्षक अजय जगताप के नेतृत्व में एक पुलिस दल जब क्षेत्र के ओल्ड वडसा रोड पर पोपटी लॉन के पास निगरानी कर रहा था, तभी देसाईगंज से ओल्ड वडसा रोड की ओर दो वाहन संदिग्ध रूप से आते दिखाई दिए। इस दौरान उक्त सड़क पर अस्थाई नाका लगाकर दोनों वाहनों को रोककर जांच की गई तो पाया गया कि दोनों वाहनों में क्रूरतापूर्वक मवेशी भरे हुए थे। अशोक लेलैंड टाटा कंपनी के वाहन क्रमांक 1) एमएच 40 सीडी. 8649 जिसके ड्राइवर का नाम प्रणय राजेंद्र बुले, उम्र 21 वर्ष, निवासी देउलगांव,तहसील ब्रह्मपुरी जिला. चंद्रपुर के पास 05 बैल हैं, प्रति बैल विक्रय मूल्य 20,000/- है, इसी प्रकार बोलेरो पिकअप वाहन वाहन क्रमांक 2) एमएच 36 ए. एफ 0076 जिसके चालक का नाम राजेश सोमेश्वर बावनकर उम्र 24 वर्ष निवासी पवनी, जिला. भंडारा के वाहन में 07 बैल हैं, प्रत्येक बैल की अनुमानित कीमत 15,000/- रूपये है, दोनों चार पहिया वाहनों में कुल 12 मवेशी हैं, जिनकी कुल कीमत 2,05,000/- रूपये है, 12 मवेशी और दो चार पहिया वाहन, जिनकी अनुमानित कीमत 13,75,000/- रुपये है, कुल तीन आरोपी 1) सचिन मधुकर बावनथले, उम्र 25 वर्ष, निवासी येंगालखेड़ा,तहसील कुरखेड़ा जिला. गढ़चिरौली (बैल मालिक) 2) प्रणय राजेंद्र बुले, उम्र 21 वर्ष, निवासी देउलगांव,तहसील ब्रह्मपुरी जिला. चंद्रपुर 3) राजेश सोमेश्वर बावनकर, उम्र 24 वर्ष, निवासी पवनी, जिला. भंडारा को देसाईगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया।

इस दौरान अपराध क्रमांक 033/2025 धारा 5 (ए), 9 महाराष्ट्र पशु संरक्षण (संशोधन) अधिनियम 1976, सह-धारा 11 (डी) (ई) पशु क्रूरता अधिनियम 1960, सह-धारा 3 (5),तथा सह-धारा 119 एमपीओसीए. के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# श्रमिकों को पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाना चाहिए

**चंद्रपुर.**



घरेलू काम करने वाली महिलाओं, पुरुषों के लिए कई बार कम सैलरी में ही अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करना पड़ता है। हालाँकि, यह इसे संभव नहीं बनाता है। इसलिए घरेलू काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार के उद्योग, ऊर्जा और श्रम विभाग ने घरेलू श्रमिकों के लिए एक कल्याणकारी योजना शुरू की है। उनसे जानकारी लेकर इन श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों का जीवन और अधिक सुखद हो रहा है और कई लोगों को इसका लाभ भी मिला है। इसलिए जिले के अन्य श्रमिकों को भी पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाना चाहिए।

श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 9वीं से 12वीं के साथ-साथ आईटीआई पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष उत्तीर्ण होने पर अधिकतम दो बच्चों के लिए प्रति तिमाही 300 रुपये दिए जाते हैं। मृत घरेलू कामगार के कानूनी उत्तराधिकारी को 2000 रुपये का अंत्येष्टि अनुदान मिलता है। एक घरेलू कामगार को दो बच्चों तक की प्रत्येक डिलीवरी के लिए 5,000 रुपये दिए जाते हैं। बोर्ड द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए 900 रुपये और प्रारंभिक पाठ्यक्रम के लिए 650 रुपये दिए जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि घरेलू कामगारों की बड़ी संख्या होने के बावजूद सरकार के पास बहुत कम कामगारों का पंजीकरण हुआ है। इसलिए अन्य श्रमिकों को भी पंजीकरण कराना होगा। अधिकांश पंजीकृत घरेलू कामगारों को इस वर्ष 10,000 बर्तनों का एक सेट मिला, और 55 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को सरकार से एकमुश्त 10,000 रुपये मिलते हैं।

# गढ़चिरोली जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

**गढ़चिरोली:**

जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा ने वर्ष 2025 के लिए स्थानीय छुट्टियों की घोषणा की है। इसमें शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 को पोला (पहला दिन), सोमवार, 22 सितंबर 2025 को घटस्थापना और सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 को नरक चतुर्दशी (दिवाली) जैसी छुट्टियां शामिल हैं।

जिला कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त आदेश गढ़चिरौली जिले के सिविल और आपराधिक न्यायालयों, बैंकों और अन्य संस्थानों पर लागू नहीं होगा।

# बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बैटरीचलित कारें बंद

**> विकलांग यात्रियों की दुर्दशा**

**बल्लारशाह.**




बल्लारशाह रेलवे स्टेशन के लिए ट्रेन प्रशासन की ओर से दी जाने वाली बैटरी चालित कार की सुविधा चार माह से बंद है। इसके कारण विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों की दुर्दशा बनी हुई है। मध्य रेलवे के नागपुर वाणिज्यिक डिवीजन के नॉन-फेयर रेवेन्यू (एनएफआर) सेल ने बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग और वरिष्ठ यात्रियों को सामान ले जाने के लिए तीन साल के अनुबंध पर दो बैटरी चालित ट्रेनें प्रदान की हैं। कई दिनों तक ये ट्रेनें ठेकेदार के अभाव में रेलवे प्लेटफार्म पर खड़ी रहीं। अगस्त 2024 में अनुबंध के आधार पर ट्रेनें शुरू की गईं। दो महीने के बाद, ठेकेदार ने बैटरी चालित ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया क्योंकि उसे इन ट्रेनों से कोई आय नहीं मिल रही थी। इससे स्टेशन पर आने वाले दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें प्लेटफार्म पर जाने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन मध्य रेलवे का अंतिम और महत्वपूर्ण जंक्शन है। राष्ट्रव्यापी सभी चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव है। टीटीआई स्टाफ, गार्ड, लोको पायलट बदलते हैं। कारों का रखरखाव किया जाता है. इसलिए बल्लारशाह रेलवे स्टेशन का विशेष महत्व है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के विकास के लिए 34 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रेलवे क्षेत्र में कई विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं. पिछले सप्ताह मंडल रेल प्रबंधक विनायक गर्ग इन कार्यों को देखने आए थे। अधिकारियों से कार के बारे में जानकारी ली गई।

"मध्य रेलवे द्वारा विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई दो बैटरी चालित कारें उपयोगी थीं। इन यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर चलाने में सुविधा थी; लेकिन दोनों कारें चार महीने से बंद हैं। इस असुविधा को तुरंत दूर किया जाना चाहिए।"

**– जयकरण सिंह बाजगोती, पूर्व डीआर यूसीसी सदस्य, रेलवे वार्ड, बल्लारपुर।**

# 'आपले सरकार सेवा केंद्र' स्थापित करने की अपील

**गढ़चिरोली:** महाराष्ट्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (एमजीआईटी) सरकारी निर्णय दिनांक 19 जनवरी, 2018, राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी सेवाएं प्रदान करने के लिए, सूचना प्रौद्योगिकी स्थापित की है। हर ग्राम पंचायत स्तर और नगर परिषद/नगर पंचायत स्तर पर प्रौद्योगिकी (आईटी) सरकारी सेवा केंद्र स्थापित किए जाने हैं, इसलिए गढ़चिरौली जिले में 196 ग्राम पंचायत स्तर और 10 नगर परिषद/नगर पंचायत स्तर पर हमारे सरकारी सेवा केंद्र खाली हैं महाराष्ट्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (जीआईटी) सरकारी निर्णय दिनांक 19 जनवरी, 2018 के पैराग्राफ 1 के अनुसार (ए) और (बी) में दिए गए .

# जोरगेवार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के धरनास्थल का दौरा किया

**चंद्रपुर.** जिला सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षण संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिला परिषद के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में सोमवार को विधायक किशोर जोरगेवार ने पहुंचकर शिक्षकों की मांगों को समझा। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक जॉनसन को इन मांगों के संबंध में एक सप्ताह के भीतर बैठक बुलाने के निर्देश दिए।



जिला परिषद चंद्रपुर द्वारा वर्ष 2012, 2014, 2018 में अनुमोदित सेवानिवृत्त शिक्षकों को चयन श्रेणी का लाभ दिया जाए, शेष सेवानिवृत्त शिक्षकों, केंद्राध्यक्षों, शिक्षा विस्तार अधिकारियों को 7वीं किस्त की दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवीं किस्त दी जाए। वेतन आयोग, सेवानिवृत्त शिक्षक, केन्द्राध्यक्ष का महंगाई भत्ता, शिक्षा विस्तार पदाधिकारी। एरियर की राशि का भुगतान किया जाए, सेवानिवृत्त शिक्षकों, केंद्राध्यक्षों, शिक्षा अधिकारियों की ग्रेच्युटी एवं आंशिक योग की राशि का भुगतान किया जाए, सेवानिवृत्त शिक्षकों, केंद्राध्यक्षों, शिक्षा विस्तार अधिकारियों का लंबित समूह बीमा का भुगतान तत्काल किया जाए, जो शिक्षक जिला पुरस्कार प्राप्त कर्मचारियों को न्यायालय के आदेशानुसार वेतन वृद्धि दी जाए, सेवानिवृत्त शिक्षकों की लंबित पेंशन का भुगतान किया जाए,




CMYK

# भाग्यश्री
## ने महिलाओं से खुलकर की बात?



बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री ने अपने करियर में तमाम हिट फिल्मों में काम किया है और अपनी बेहतरीन अदाकारी से लोगों का दिल जीता है. अब भाग्यश्री के बेटे और बेटी फिल्मों में एक्टिव हैं. एक्ट्रेस की बेटी अवंतिका दासानी की फिल्म 'इन गलियों में' 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इसी बीच भाग्यश्री का इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वो फेमनिजम को लेकर बात करती नजर आ रही हैं. इसके अलावा उन्होंने महिला और पुरुषों की बराबरी को लेकर भी बात की है. आइए जानते हैं कि भाग्यश्री ने क्या-क्या कहा है. भाग्यश्री ने 'हॉटरफ्लाई' से बात करते हुए कहा कि ब्रा जला देना फेमनिजम नहीं है और ना ही छोटे कपड़े पहनना, शराब पीना और गालियां देना पुरुषों की बराबरी करना है. भाग्यश्री ने कहा, 'कई महिलाएं फेमनिजम के कॉन्सेप्ट को कुछ और समझ लेती हैं. मैं सिर्फ पुरुषों को दोष नहीं देती, मैं महिलाओं को भी दोष देती हूं. जब आप बोलते हैं कि पितृसत्ता लंबे समय से चल आ रही है और हम विद्रोह करना चाहते हैं. तो वो ब्रा जलाने वाली महिलाएं रही हैं जो जाकर बोलेंगी कि जो हमें पसंद हैं वो पहनेंगे, जैसे बात करनी हो करेंगे. लेकिन ये बराबरी कैसे हुई? गालियां देना, गलत व्यवहार करना कम कपड़े पहनना, शराब पीना बराबरी कैसे हुई? क्योंकि पुरुष ऐसा करते हैं? ये सब आपको फेमनिस्ट नहीं बनाता। समानता महिलाओं और पुरुषों को अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाइफ में बराबर अवसर देने के बारे में हैं. भाग्यश्री ने कहा, 'भगवान ने महिलाओं को कुछ गुण प्राकृतिक रूप से दिए हैं. वह केयर करने वाली, पोषण करने वाली है, ज्यादा सेसेंटिव है, वह पुरुष से ज्यादा सहनशील है. पुरुषों की कदकाठी बड़ी होती है. शायद उनके पास ज्यादा मसल्स इसलिए होती हैं ताकि शारीरिक रूप से वो प्रोटेक्टर होते हैं. इसलिए इन गुणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए ना कि एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा रखनी चहिए, इसलिए परमात्मा ने कपल बनाए हैं.'



# मुनव्वर फारुकी
## एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं

अब मुनव्वर फारुकी 33 साल के हो गए हैं। ये एक ऐसे सेलेब्रिटी हैं, जिन्हें लोगों ने बहुत कम समय में ही अपनी सरआखों पर बैठा लिया है। एक चॉल से आम जिंदगी की शुरुआत करने वाला ये लड़का आज कामयाबी के फर्श पर पहुंच गया है। मुनव्वर हमेशा से ही सुर्खियों में रहे हैं। चाहे वो उनकी स्टैंडअप कॉमेड रही हो या फिर उनकी तीखी पंचलाइन। उनके टैलेंट ने हमेशा से ही लोगों को हंसाया है और अपना दीवाना बनाया है। उन्होंने हर बार अपने टैलेंट को लोगों का सामने अलग-अलग तरीके से पेश किया है। वो सिर्फ स्टैंड अप कॉमेडी तक ही सीमित नहीं रहे उन्होंने गाने गाए, एक्टिंग और कई कविताएं भी लिखीं। मुनव्वर ने एक कॉमेडियन के रूप में अपने करियर की जर्नी को शुरू किया। उनके स्टैंड-अप शोज जल्द ही लोगों की सोशल मीडिया फीड का हिस्सा बन गए। हां, वो कॉन्ट्रोवर्सीज का भी हिस्सा बने लेकिन वो फिर उठे और उन्होंने अपने स्टैंड अप को नई उंचाइयों तक पहुंचाया। कॉमेडी से परे, मुनव्वर ने एक म्यूजिशियन के रूप में भी लोगों को अपना जादू दिखाया है। उनकी आवाज और उनके गानों को लोगों ने अपना खूब प्यार दिया। हिना खान के साथ उनका गाना बरसात आ गई को लोगों ने खूब प्यार दिया था। इसके अलावा उन्होंने कई गानों में रैप भी किया है। मुनव्वर फारूकी ने सिंगिंग और कॉमेडी से इतर एक्टिंग में भी अपना पहला कदम रख लिया है। हाल ही में उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज, फर्स्ट कॉपी को पूरा किया है। मुनव्वर के फैंस एक्साइटमेंट से भरे हुए हैं, वो ये देखने के लिए एक्साइटेड हैं कि कॉमेडियन से एक्टर बनने की जर्नी में वो किस तरह अपनी छाप छोड़ेंगे। मुनव्वर फारूकी रिएलिटी शोज के सरताज भी हैं। उन्होंने लॉक अप के पहले सीजन को जीता था और फिर वो बिग बॉस का हिस्सा बने।



# नयनतारा को लगा तगड़ा झटका

पिछले लंबे समय से धनुष और एक्ट्रेस नयनतारा के बीच चल रही बहस पर विराम लग चुका है बता दें कि कोर्ट ने अपना फैसला सुना है और कोर्ट के इस फैसले से नयनतारा को एक जोर का झटका लगा है। दरअसल धनुष और एक्ट्रेस नयनतारा का कॉरीराइट विवाद चल रहा था जिसपर अब मद्रास हाई कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। बता दें कि मद्रास कोर्ट ने नेटफ्लिक्स इंडिया की याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल यह केस एक्ट्रेस नयनतारा के खिलाफ धनुष के कॉपीराइट मुकदमे को रद्द करने की मांग की गई थी। बता दें कि यह मुकदमा 3 सेकेंड की क्लिप के प्रयोग के लिए किया गया था। यह क्लिप उस फिल्म का है जिसे धनुष ने प्रोड्यूस की थी। नयनतारा ने यह क्लिप अपनी डॉक्यूमेंट्री में इस्तेमाल की जिसके बाद धनुष ने यह क्लिप रिमूव करने के लिए भी कहा था, लेकिन सीन ना हटने के बाद यह विवाद खड़ा हुआ था। यह केस पिछले साल नयनतारा और उनके पति विग्नेश की प्रोडक्शन कंपनी राउडी पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ सिविल मुकदमा दायर किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि नयातारा की बियॉन्ड द फेयरी टेल में धनुष की फिल्म 'नानुम राउडी धान' का सीन इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि धनुष ने कोर्ट में याचिका तब दायर की जब वह पहले ही नयनतारा को डॉक्यूमेंट्री से 24 घंटे के अंदर क्लिप हटाने क चेतावनी दे चुके थे, लेकिन सीन ना हटने के बाद धनुष ने यह एक्शन लिया।



# फातिमा सना शेख
## ने खोले कास्टिंग काउच के राज

बॉलीवुड एक्ट्रेस फातिमा सना शेख इस समय काफी चर्चा का विषय बनी हुई है और आपको बता दें कि उन्होंने 'दंगल' फिल्म से इंडस्ट्री में कदम रखा था। गीता के किरदार से वह हर तरफ छा गई थी। लेकिन इंडस्ट्री में कदम रखना उनके लिए इतना आसान नहीं रहा और उनको कई सारी मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा सना शेख ने खुद कास्टिंग काउच को लेकर खुलासा किया है और यह भी बताया कि वह किस तरीके से इस गेम में फंस गई थी। बॉलीवुड बबल्स के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने इस पर खुलकर बात की है। फातिमा सना शेख ने इस पर बात करते हुए बताया कि "एक बार साउथ इंडस्ट्री में किसी फिल्म के लिए कास्टिंग हो रही थी। मुझसे कहा गया कि आप अपनी प्रोफाइल भेज दो और मैंने भेज भी दी। उन्होंने मुझे बाद में कहा कि तुम कुछ भी करने को तैयार हो तो मैंने उसको रिप्लाई दे दिया कि मैं बहुत डार्क वर्क कर रही हूं। रोल के लिए अगर किसी भी चीज की जरूरत होगी तो मैं करूंगी और वह बार-बार यही बोल रहा था।" फातिमा सना शेख ने इस पर आगे बात करते हुए बताया कि "एक बार हैदराबाद में बहुत ही छोटे से प्रोड्यूसर हुआ करते थे। तब हमें ऐसा लगा था कि साउथ में जाएंगे और बड़े हो जाएंगे तो बॉलीवुड में भी चांस मिल जाएगा। तब हम वहां पर किसी कमरे में थे और वहां पर प्रोड्यूसर भी थे। वह बहुत ही ओपन ली बोलते थे कि आपके यहां पर लोगों से मिलना पड़ेगा। कुछ लोगों के साथ हुआ है और हम बच्चे रहे।" जानकारी के लिए आपको बता दें कि फातिमा सना शेख ने बताओ चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम करना शुरू किया था। वह चाचा 420 और इश्क जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी है। हालांकि उनका असल पहचान आमिर खान की फिल्म दंगल से गीता के रोल में ही मिली। आज वह कई और बड़ी फिल्मों में भी नजर आती है।

# रश्मिका अब महारानी येसुबाई के रूप में




फिल्म 'छावा' का नया पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को महारानी येसुबाई के रूप में देखा जा सकता है। यह फिल्म मराठा साम्राज्य की वीर गाथाओं पर आधारित है, और रश्मिका इस पोस्टर में महारानी येसुबाई के ऐतिहासिक और शक्तिशाली किरदार में नजर आ रही हैं। उनके लुक से यह स्पष्ट होता है कि वह इस भूमिका को पूरी तरह से जीवंत करेंगी। रश्मिका से पहले भी कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने मराठा रानियों का किरदार निभाया है, जो दर्शकों के बीच बहुत चर्चित रहे। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने मराठा रानियों की भूमिकाओं को पर्दे पर बेहतरीन तरीके से निभाया... दीपिका पादुकोण: फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में उन्होंने मस्तानी का किरदार निभाया था, जो मराठा साम्राज्य के पेशवा बाजीराव की तलवार से शादी करके मराठा साम्राज्य को अपना लेती हैं, फिल्म में मस्तानी के किरदार को दीपिका पादुकोण ने निभाया था, एक्ट्रेस ने फिल्म के एक गाने में पूरा मराठी गेट अप किया था। प्रियंका चोपड़ा: प्रियंका ने भी फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में काशीबाई का किरदार निभाया, जो बाजीराव की पहली पत्नी थीं। कंगना रनौत: फिल्म 'मणिकर्णिका' में कंगना ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का किरदार निभाया था, जो भारतीय इतिहास की एक बहादुर और प्रेरणादायक शख्सियत थीं। काजोल: फिल्म 'तन्हाजी' में काजोल ने तन्हाजी मालुसरे की पत्नी सावित्री बाई का किरदार अदा किया था, जो एक मजबूत और साहसी महिला थी। कृति सेनन: फिल्म 'पानीपत' में कृति ने पार्वती बाई का किरदार निभाया, जो मराठा साम्राज्य की एक महत्वपूर्ण रानी थीं।

# किंग खान की अपकमिंग फिल्म का टाइटल कन्फ



शाहरुख खान उन चुनिंदा सितारों में से एक हैं, जिनकी फिल्म का इंतजार उनके फैंस को बड़ी ही बेसब्री से रहता है. हालांकि किंग खान ने अपने चाहने वालों को और इंतजार न करवाते हुए अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल कंफर्म कर दिया है. लंबे समय से अपने प्रोजेक्ट को लेकर चुप्पी साधे बैठे शाहरुख ने जैसे ही अपनी फिल्म का ऐलान किया वैसे ही फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई. तो चलिए जानते हैं किंग खान की आने वाली मूवी का नाम क्या है. हाल ही में एक इवेंट के सिलसिले में दुबई पहुंचे शाहरुख खान ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट पर चुप्पी तोड़ते हुए फिल्म का टाइटल और साथ ही डायरेक्टर के नाम का भी खुलासा किया. उन्होंने कहा, 'मैं इसे सिर्फ यह शूट नहीं कर रहा हूं, बल्कि कुछ महीनों में मुंबई में भी शूट करूंगा, जब मैं वापस जाऊंगा.' इसके आगे एक्टर ने यह भी साफ किया कि इस फिल्म कौन डायरेक्ट कर रहा है. शाहरुख खान ने बताया कि 'जिन्होंने पठान को डायरेक्ट किया था सिद्धार्थ आनंद वहीं इस फिल्म को भी डायरेक्ट कर रहे हैं और यह बहुत सख्त हैं.' एक्टर ने आगे कहा कि, 'मेरे डायरेक्टर ने लोगों को अभी फिल्म के बारे में बताने के लिए मना किया है, लेकिन मेरा यकीन करिए ये आपको बहुत एंटरटेन करेगी और मजा आएगा.' शाहरुख ने आगे फिल्म के टाइटल का खुलासा करते हुए कहा, 'मैंने कई टाइटल का इस्तेमाल किया, अब हमारे पास टाइटल खत्म हो गए हैं. अब शाहरुख खान 'किंग' में हैं. थोड़ा शो ऑफ होगा.' वहीं इस एक एक्ट्रेस ऐसी भी नजर आने वाली है, जिसका शाहरुख खान की पर्सनल लाइफ से खास कनेक्शन हैं. दरअसल, 'किंग' में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के होने की भी खबरें हैं. बता दें कि सुहाना ने साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग डेब्यू किया था, वहीं अब वह बड़े पर्दे पर अपने पिता यानी शाहरुख खान के साथ उनकी अपकमिंग मूवी 'किंग' से डेब्यू करेंगी.

# माधवन: पर्स लेकर नहीं चलते आमिर खान



एक्टर आर. माधवन फिल्म इंडस्ट्री के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं. उनकी एक्टिंग के लोग दीवाने हैं. अपनी हर फिल्म में माधवन ने साबित किया है कि वो हर एक्टर से बेहतर हैं. उनका फिल्म 'थ्री इडिअट्स' का रोल अभी भी यादगार है. फिल्म में उनका किरदार फरहान, राजू और रंछोरदास के साथ उनकी दोस्ती को लोगों ने खूब पसंद किया था. हाल ही में एक इंटरव्यू में आर.माधवन ने अपनी लाइफ और एक्टिंग के बारे में बात की थी. उन्होंने इस बीच अपने 'थ्री इडिअट्स' के कोस्टार आमिर खान को लेकर भी एक चौंका देने वाला खुलासा किया. माधवन ने आमिर खान की एक आदत का जिक्र करते हुए बताया कि सुपरस्टार जहां भी जाते हैं वहां वो अपना पर्स साथ लेकर नहीं जाते. क्योंकि उनके पास पैसे देने के लिए भी लोग मौजूद होते हैं. एक्टर ने बताया- आमिर खान कभी पर्स साथ लेकर नहीं चलते. मैं कभी ऐसा नहीं कर सकता हूं. उनका स्टारडम उन्हें अनुमति देता है ऐसा बने रहने के लिए. उन्हें जो भी चाहिए होता है, उनके पास लोग हैं जो उस चीज का भुगतान करते हैं. ये बात जरूर है कि वो उन्हें पैसे देते होंगे उसके लिए. ऐसा नहीं हो सकता कि वो उसका भुगतान ना करते हों. माधवन ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि मेरा स्वभाव मुझे ऐसे ही बिना पर्स के चलने की अनुमति नहीं देता है. मैं अकेला चलने में यकीन करता हूं.

मुझे वो आजादी चाहिए और वो कला भी आनी चाहिए जहां मैं लोगों से बातचीत कर सकूं. एक्टर ने आगे ये भी बताया कि वो ज्यादा पैसा खर्चा करने में यकीन नहीं रखते हैं. वो अपने बजट के हिसाब से ही चीजें खरीदते हैं. बात करें आर. माधवन के प्रोजेक्ट्स की, तो उन्हें हाल ही में जी5 पर रिलीज हुई फिल्म 'हिसाब बराबर' में देखा गया है. जिसमें उनके साथ एक्टर नील नितिन मुकेश और एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी भी शामिल थीं. इसे अश्वनी धार ने डायरेक्ट किया था. इसके अलावा वो बहुत जल्द अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में भी दिखेंगे.

# अनुराग कश्यप की 'बैड गर्ल' के ट्रेलर पर विवाद बढ़ा



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर रविवार को रिलीज हुआ. फिल्म एक ब्राह्मण लड़की की कहानी पर आधारित है, जो समाज की कठोर मान्यताओं और अपनी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है. कहानी में एक स्कूल जाने वाली लड़की को दिखाया गया है, जो अपनी पसंद और परिवार की उम्मीदों के बीच उलझी हुई है. टीजर में दिखाया गया है, कि लड़की डेटिंग की कोशिश करती है, लेकिन समाज और परिवार के दबाव के कारण उसे लगातार क्रिटिसिज्म और एम्बेरेसमेंट का सामना करना पड़ता है एटलास्ट, लड़की अपनी इच्छाओं के लिए घर छोड़ देती है, और अपनी शर्तों पर जीवन जीने का फैसला करती है. टीजर ने समाज में पारंपरिक सोच और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के टकराव पर सवाल उठाने की कोशिश की गई है. हालांकि, टीजर की रिलीज के बाद फिल्म विवादों में आ गई है. फिल्म निर्माता मोहन जी ने अनुराग कश्यप पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फिल्म ब्राह्मण परिवारों और लड़कियों की छवि को गलत तरीके से पेश कर रही है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, "पहले अपनी जाति की लड़कियों की कहानियों पर फिल्म बनाएं. दूसरों को बदनाम करना बंद करें."

# अक्षय: 'वो मेरे पति हैं बच्चा नहीं', आखिर क्यों कहा?



बॉलीवुड के खिलाड़ी यानि अक्षय कुमार इस वक्त अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'स्काई फोर्स' को लेकर चर्चा में हैं. जिसे दर्शक खासा पसंद कर रहे हैं. इसी बीच एक्टर की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने उनके साथ राजनीतिक विचार ना मिलने पर चुप्पी तोड़ी और बड़ा बयान दिया. जानिए उन्होंने क्या कहा.... ट्विंकल खन्ना ने 90 के दशक में हिंदी सिनेमा को कई सुपरहिट फिल्में दी थी. लेकिन फिर अचानक ही उनका करियर डगमगाने लगा और एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री से दूरी बना ली. अब वो बतौर लेखक अपनी पहचान बना चुकी हैं. हाल ही में ट्विंकल के लिए एक स्पेशल कॉलम में अपने पर्सनल विचारों को रखा. ट्विंकल ने लिखा कि, 'हर इंटरव्यू में मुझसे सबसे पहला सवाल यही पूछा जाता है कि आप एक स्टार वाइफ है तो आपको कैसा लगता है. इसके जवाब में मेरे मन में पहला ख्याल यही आता है कि मैं उस रिपोर्ट की उंगली पर हमला कर दूं. लेकिन फिर भी मैं शांति से जवाब देती हूं. क्योंकि मुझे बिल्कुल नहीं लगता है कि स्टार वाइफ जैसी कोई भी चीज होती है..' ट्विंकल खन्ना ने आगे ये भी लिखा कि, 'इसके अलावा अक्सर मुझसे मेरी और अक्षय की राजनीतिक सोच को लेकर भी सवाल किया जाता है. ये सवाल सुनते ही मुझे ऐसा लगता है कि जैसे वो मेरे पति नहीं बच्चे हैं. जो मेरी हर बात सुनेंगे. जैसे मैं उन्हें बोलूंगी कि बेटा जी रोड की लेफ्ट साइड में चलो तो मैं आपको प्यार से एक फ्रूटी दूंगी..' बता दें कि 'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार के साथ वीर पहाड़िया ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है.

# गोंगाडी तृषा का तूफान

## महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी बनीं



**नई दिल्ली.**

महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप 2025 मलेशिया में खेला जा रहा है. इस टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला भारत और स्कॉटलैंड के बीच चल रहा है. जिसमें महिला टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 208 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा. इस मैच में भारतीय टीम की ओपनर गोंगाडी तृषा ने अपनी शतकीय पारी से इतिहास रच दिया है. जो आज तक महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं हुआ था. गोंगाडी तृषा ने इस खास पल का भरपूर आनंद लिया, अपनी टीम की तालियों का स्वागत किया और अपनी साथी खिलाड़ी को गले लगाते हुए मुस्कुराईं. स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने भी उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की. गोंगाडी तृषा ने पहले विकेट के लिए कमलिनी गुनालन के साथ 147 रन की साझेदारी की. कमलिनी 42 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुईं. इसके बाद उन्होंने सानिका चालके के साथ 61 रन जोड़े. सानिका 20 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुईं. गोंगाडी तृषा ने इस मैच में 186.44 की स्ट्राइक रेट से 59 गेंदों में 110 रन बनाए. जिसमें 13 चौके और 4 छक्के शामिल हैं. भारत ने अंडर 19 विमेंस टी20 विश्व कप 2025 में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड को हरा दिया है. टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 209 रनों का लक्ष्य दिया था. इसके जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 58 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई. भारत के लिए जी तृषा ने कमाल का प्रदर्शन किया. उन्होंने शतक जड़ा. वहीं जी कमलिनी ने अर्धशतक लगाया. टीम इंडिया के लिए आयुषी शुक्ला ने घातक गेंदबाजी की. उन्होंने 4 विकेट झटके. भारत ने पहले बैटिंग करते हुए पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया. टीम इंडिया ने 20 ओवरों में एक विकेट के नुकसान के साथ 208 रन बनाए. इस दौरान जी तृषा ने नाबाद शतक जड़ा. उन्होंने 59 गेंदों का सामना करते हुए 110 रन बनाए. उनकी इस पारी में 13 चौके और 4 छक्के शामिल रहे. तृषा के साथ-साथ जी कमलिनी ने भी कमाल का प्रदर्शन किया. उन्होंने 51 रनों की पारी खेली. उनकी इस पारी में 9 चौके शामिल रहे. सनिका चाल्के ने नाबाद 29 रन बनाए. 58 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई. स्कॉटलैंड का भारत के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में बेहद खराब प्रदर्शन देखने को मिला. पीपा केले बतौर ओपनर महज 12 रन बनाकर आउट हुईं. ईम्मा भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौटीं. कप्तान नायमा शेख भी कुछ खास नहीं कर सकीं. वे 18 गेंदों में 10 रन ही बना सकीं. ' हालांकि नायमा नाबाद रहीं. टीम इंडिया की घातक गेंदबाज आयुषी ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 3 ओवर फेंके. इस दौरान महज 8 रन देकर 4 विकेट झटके. आयुषी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा ने भी कमाल की गेंदबाजी की. उन्होंने 2 ओवरों में 5 रन देकर 3 विकेट लिए. तृषा ने ऑलराउंडर की भूमिका निभाई.

### तृषा ने रचा इतिहास

☐ गोंगाडी तृषा ने अपना पहला शतक लगाया. इसके अलावा वह महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप में शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं. उन्होंने यह कारनामा 17.6 ओवर में किया. मैसी मैसेरा ने गोंगाडी तृषा को गेंद फेंकी. यह एक गुड लेंथ डिलीवरी थी, जो ऑफ स्टंप के बाहर पिच हुई. तृषा ने बैकफुट पर जाकर शॉर्ट थर्ड मैन की तरफ डिफेंसिव पुश खेला और सिंगल लिया. तृषा ने 53 गेंदों में अपना शतक पूरा किया.

# बल्लारशाह ने दर्ज की तिहरी जीत



**नागपुर.**

नया लक्ष्य बल्लारशाह ने एक ही दिन में तिहरी जीत दर्ज कर कड़बी चौक स्थित मेकोसाबाग मेथोडिस्ट स्कूल मैदान में चल रहे रॉयल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-9 में ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट रॉयल क्रिकेट एसोसिएशन, डॉ. संदीप शिंदे के बाबूजी फाउंडेशन और हाजियानी जुबेदा अब्दुल रज्जाक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में बल्लारशाह ने मानकापुर इलेवन को 73 रनों से हराया और फिर शाम को उन्होंने सर्वे इलेवन गोंदिया को 10 रनों से हराया। उन्होंने सीजी इलेवन पर सात विकेट की जीत के साथ अपना दिन समाप्त किया। कार्तिक राठौड़ ने अर्धशतक (54) और अभि ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली, जिससे बल्लारशाह ने मानकापुर इलेवन के खिलाफ 135-4 का स्कोर बनाया। जवाब में मनकापुर इलेवन आठ ओवर में 62-4 पर सिमट गई। पवन लोडेकर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। विजेता टीम के लिए प्रशांत देवा ने तीन विकेट लिए।

दूसरे मैच में बल्लारशाह ने सरवे इलेवन गोंदिया को 10 रन से हराया। बल्लारशाह ने आठ ओवर में 66-5 रन बनाए, जिसमें कप्तान अभि ने 22 रन बनाए। निखिलेश साहू ने 16 रन बनाए। गोंदिया की ओर से गौरव राही ने दो विकेट लिए। जवाब में गोंदिया की टीम 56-7 पर ही ढेर हो गई। सागर ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से जतिन वर्मा और विजय यादव ने दो-दो विकेट लिए। तीसरे मैच में सीजी इलेवन ने आठ ओवर में 61-7 रन बनाए, जिसमें ऋषभ खेतान ने नाबाद 28 रन बनाए। बल्लारशाह की ओर से सिद्दीकी जैद ने चार विकेट लिए। जवाब में बल्लारशाह ने 4.2 ओवर में ही जरूरी रन बना लिए।

कार्तिक राठौड़ ने 24 रन बनाए, जबकि रवि मंडल ने 15 रन बनाए। पुरस्कार दीपक देव सिंघानी, मूरली उदासी और कुणाल बुमरालकर ने दिए। अन्य परिणाम: सीजी इलेवन (60) को सरवे इलेवन गोंदिया (61-9) से एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा। प्रतीक इलेवन (92-7) ने यंग स्टार इलेवन (84-8) को आठ रन से हराया। मानकापुर इलेवन (52-4) को सरवे इलेवन गोंदिया (53-4) से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सनी दुदियन संयोजक आरपीसीएल-9.

# शमी की टीम इंडिया में 14 महीनों के बाद वापसी



**नई दिल्ली.** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जा रहा है. भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया है. वहीं, भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में मोहम्मद शमी की वापसी हुई है. इस तरह मोहम्मद शमी तकरीबन 1 साल बाद भारतीय टीम में वापस लौटे. इससे पहले वह आखिरी बार वनडे वर्ल्ड कप फाइनल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे. इसके बाद से मोहम्मद शमी टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वह मुकाबला 19 नवंबर 2023 को खेला गया था.

# बिहार ग्रामीण क्रिकेट लीग शुरू करने वाला पहला राज्य बना

**पटना.**

बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी की अगुवाई में बिहार के सभी जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) का आयोजन करने जा रहा है। इस लीग की खास बात है कि यह उन खिलाड़ियों के लिए है जिन्हें अभी तक जिला या राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला है। इस कदम के साथ बिहार राज्य ग्रामीण क्रिकेट लीग आयोजित करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि बिहार ग्रामीण लीग (बीआरएल) का लक्ष्य गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और ब्लॉक स्तरों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज करना और उन्हें राज्य में क्रिकेट की मुख्यधारा में लाना है। इस लीग में 13 से 23 वर्ष की आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बड़े मंच प्रदान किए जाएंगे।



लीग की शुरुआत सभी जिलों में आयोजित टैलेंट हंट कार्यक्रमों से होगी जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और 16 टीमें बनाई जाएंगी। ये टीमें जिला स्तरीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें नॉकआउट प्रारूप में मैच होंगे। प्रत्येक जिले में 15 मैच होंगे, जिसमें 8 लीग गेम, 4 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और एक फाइनल शामिल हैं। सभी जिलों में कुल 570 मैच खेले जाएंगे जिसमें जिला फाइनल में एक सेलिब्रिटी, एक स्टार क्रिकेटर और एक ब्रांड एंबेसडर शामिल होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बिहार ग्रामीण लीग सुपर लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जिला टीम बनाएंगे। इस चरण में 38 टीमें शामिल होंगी जिन्हें 8 समूहों में विभाजित किया जाएगा और लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप का पालन किया जाएगा।

# पैरा ओलंपियन शीतल को गिफ्ट मिली लग्जरी स्कार्पियो

**नई दिल्ली.**

देश के जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने अपना वादा निभाते हुए पैरा एथलीट शीतल देवी को कार गिफ्ट की है। उन्होंने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते 18 वर्षीय तीरंदाज की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा, 'मैं शीतल देवी की काबिलियत का हमेशा से प्रशंसक रहा हूं। उनके दृढ़ संकल्प, जूझने की क्षमता और फोकस से मैं प्रभावित हूं। मैंने उनकी मां और बहन से बात की। मुझे यह पता चल गया है कि उन्हें ये गुण उनके परिवार से ही मिले हैं। उन्होंने मुझे एक तीर उपहार में दिया, जो एक तीरंदाज के रूप में उनकी पहचान का प्रतीक था, जो किसी भी सीमा से परे था। सचमुच अमूल्य! मुझे शीतल देवी को स्कॉर्पियो में देखकर गर्व हो रहा है। वह हम सबके लिए प्रेरणा है। उन्हें स्कॉर्पियो में देखकर अच्छा लग रहा है। यह गाड़ी उनके लिए बिलकुल सटीक है, क्योंकि वह नई बुलंदियों को छूने के अपने सफर पर हैं।'

आनंद महिंद्रा ने 2023 में शीतल देवी को कार गिफ्ट करने की इच्छा जाहिर की थी। उस दौरान उन्होंने सोशल साइट्स पर उन्हें कोई भी कार चुनने को कहा था, जिसे शीतल देवी की सहूलियत के मुताबिक कस्टमाइज कराने का भी वादा किया था। ताकि शीतल को ड्राइव करने में किस तरह की दिक्कत नहीं आए। आनंद महिंद्रा ने जब गिफ्ट का ऑफर दिया था, उस वक्त शीतल देवी उम्र 16 वर्ष थी। उस दौरान शीतल ने कहा था कि जब वह 18 वर्ष की हो जाएंगी, तब वे इस गिफ्ट को स्वीकार करेंगी। शीतल देवी ने पिछले वर्ष पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता था, तब आनंद महिंद्रा ने फिर से सोशल मीडिया पर ध्यान दिलाते हुए लिखा था कि मैं अपना वादा पूरा करने का इंतजार कर रहा हूं। आखिरकार वह दिन आ ही गया जब वह 18 वर्ष की हो गई और आनंद महिंद्रा ने अपना वादा पूरा किया।



# एसए 20 लीग के मैच में चोटिल हुए डेविड मिलर

**नई दिल्ली.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। यानी अब करीब तीन सप्ताह का समय शेष है, लेकिन अभी भी कई टीमें खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही हैं। इनमें सबसे ऊपर साउथ अफ्रीका की टीम है। इस टीम के कई खिलाड़ी पहले ही चोट की समस्या से जूझ रहे थे, वहीं अब इसमें एक और स्टान खिलाड़ी का नाम जुड़ गया है। चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल स्टार खिलाड़ी डेविड मिलर भी चोटिल हो गए हैं। इंजर्ड होने वाले वह साउथ अफ्रीका के 8वें खिलाड़ी हैं।

डेविड मिलर सोमवार 27 जनवरी को साउथ अफ्रीका 20 क्रिकेट लीग के मौजूदा सीजन में पार्ल रॉयल्स के लिए डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए। दरअसल, डेविड मिलर कवर्स में फील्डिंग कर रहे थे, इसी बीच पारी के 14वें ओवर में जब उन्होंने एक शॉट को रोकने का प्रयास किया तो वह चोटिल हो गए। इसके बाद वह सपोर्टिंग स्टाफ के साथ मैदान से बाहर चले गए। उन्हें सावधानी से सीढ़ियां चढ़ते हुए चेंजिंग रूम में जाते देखा गया।



मैच के बाद डेविड मिलर ने अपनी चोट को लेकर खुलासा करते हुए बताया कि मेरी कमर में थोड़ी जकड़न है। बस थोड़ा सा खिंचाव है। मैं आराम करने का प्रयास कर रहा हूं, ताकि स्थिति अधिक खराब न हो। मिलर की चोट चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका का सिरदर्द बढ़ा सकती है। वहीं, लुंगी एनगिडी भी चोटिल हैं और लगातार चौथा मैच में नहीं खेल सके। उनकी फिटनेस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

बता दें कि पीठ की चोट के चलते एनरिक नॉर्किया पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुके हैं। लुंगी एनगिडी की फिटनेस पर भी सवाल है तो चैंपियंस ट्रॉफी स्क्वॉड में शामिल वियान मुल्डर भी चोटिल हैं। गेराल्ड कोएट्जी हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे हैं तो इनके अलावा लिजाद विलियम्स, नांद्रे बर्गर, डेरिन डुपाविलोन और ओटनील बार्टमैन भी इंजर्ड हैं।

# सूर्यकुमार यादव की राजकोट में पूरी हुई 'हैट्रिक'

**राजकोट.** भारत और इंग्लैंड के बीच मंगलवार को राजकोट में टी20 सीरीज का तीसरा मैच खेला जाएगा. टीम इंडिया ने इस मुकाबले के लिए टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है. टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच से ठीक पहले एक खास हैट्रिक पूरी कर ली है. उन्होंने लगातार तीसरा टॉस जीता है. सूर्या ने राजकोट में टॉस जीतते ही यह खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. टीम इंडिया इस सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है. टीम इंडिया शाम 7 बजे से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का तीसरा मैच खेलेगी. इस मैच के लिए भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड की तरफ से जोस बटलर बतौर कप्तान टॉस के लिए मैदान पर पहुंचे थे. इस दौरान सूर्या ने टॉस जीता और पहले बॉलिंग का फैसला किया. भारत ने लगातार तीसरा टॉस जीता.

# बुमराह ने जीता 'आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का खिताब

**नई दिल्ली.**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आईसीसी मेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने पर प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया. पिछले दिनों जसप्रीत बुमराह को आईसीसी मेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था. आईसीसी मेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए जसप्रीत बुमराह के अलावा इंग्लैंड के हैरी ब्रूक, जो रूट और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को नॉमिनेट किया था, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज ने तीनों को पछाड़ते हुए अवॉर्ड अपने नाम कर लिया. बुमराह से पहले भारत के लिए राहुल द्रविड़ के अलावा सचिन तेंदुलकर, रवि अश्विन और विराट कोहली ने प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता है. इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को विराट कोहली ने 2 बार जीता. लेकिन यह पहली बार हुआ है जब किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता हो. सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय राहुल द्रविड़ हैं. राहुल द्रविड़ को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2004 से नवाजा गया था. इसके बाद सचिन तेंदुलकर को सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया. वहीं, रवि अश्विन ने साल 2016 में सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीता. जबकि विराट कोहली ने लगातार 2 साल 2017 और 2018 में यह पुरस्कार अपने नाम किया. जसप्रीत बुमराह ने साल 2024 में शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया. पिछले साल जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. जसप्रीत बुमराह ने 13 टेस्ट मैचों में 14.92 की एवरेज से 71 विकेट झटके. वहीं, पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लिए. इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में टॉप पर रहे.



# एसए-20: पार्ल रॉयल्स की रिकॉर्ड जीत, डीएसजी बाहर

**पार्ल.** पार्ल रॉयल्स ने द. आफ्रिका 20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोर्टुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।



रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

# गावस्कर के खिलाफ हुए रोहित शर्मा

## बीसीसीआई से की शिकायत

**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद से इस समय भारतीय क्रिकेट में उथल-पुथल चल रही है. एक ओर जहां बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए नई गाइड लाइन का ऐलान किया है जो वहीं, अब कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की शिकायत बीसीसीआई से की है. दरअसल, क्रिकब्लॉगर की रिपोर्ट के अनुसार रोहित ने गावस्कर की शिकायत बीसीसीआई से की है. रिपोर्ट में ये बातें सामने आई है कि रोहित, ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर गावस्कर के बयान से आहत हैं. रोहित का मानना है कि गावस्कर ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों की आलोचना ज्यादा की है जिससे उनके फॉर्म पर असर पड़ा है. रोहित ने अपने शिकायत में ये कहा है कि बाहरी दबाव ने उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया है. बता दें कि शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान अपने तीन टेस्ट मैचों में 6.00 की औसत से केवल 31 रन बनाए थे जिसके कारण भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की खूब आलोचना की है. गावस्कर ने रोहित की जगह पर सवाल उठाए थे. रणजी ट्रॉफी में रोहित ने भी कोई खास कमाल नहीं कर पाए. जम्मू और कश्मीर के खिलाफ हुए मुकाबले में रोहित पहली पारी में 19 गेंदों का सामना करते हुए 3 रन तोवहीं दूसरी पारी में 35 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली. अब रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते दिखेंगे.



भारतीय टीम वनडे सीरीज में तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी तो वहीं, दूसरी ओर चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 परवरी से होने वाला है. चैंपियंस ट्रॉफी रोहित के लिए काफी अहम होने वाला है. बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. इसके बाद 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा.

# मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के लिए घोषित की टीम

**मुंबई.** गत चैंपियन मुंबई ने 30 जनवरी से मेघालय के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी एलीट ग्रुप-ए मैच के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम में अनुभवी रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर को जगह नहीं दी गई है, जबकि अंगकृष रघुवंशी, सूर्यांश शेडगे और अथर्व अंकोलकर की वापसी हुई है। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई की प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे कर्श कोठारी को टीम में नहीं चुना गया है। मेघालय के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर नहीं खेलेंगे, क्योंकि ये सभी खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ 6 फरवरी से शुरू हो रहे वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं। मुंबई को पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर की टीम से 5 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इससे उसके खिताब बचाव अभियान को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में अब अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेल रही मुंबई की टीम को मेघालय के खिलाफ बोनस अंक के साथ बड़ी जीत हासिल करनी होगी। इतना ही नहीं उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि बड़ौदा ग्रुप-ए में 6 मैच में 4 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 29 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज जम्मू-कश्मीर को हरा देगी।



# 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

## > संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली.**

भारतीय संसद के बजट सत्र की तारीख सामने आ गई है। बजट सत्र की शुरुआत आगामी 31 जनवरी की तारीख से होने जा रही है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद को दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

31 जनवरी से 13 फरवरी तक बजट सत्र के पहले भाग में कुल 9 बैठकें होंगी। इसमें पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे।

**दो भाग में होगा बजट सत्र**

लोकसभा सचिवालय की ओर से बजट सत्र को लेकर एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है.18वीं लोकसभा का चौथा सत्र शुक्रवार, 31 जनवरी को शुरू होगा। सरकारी कामकाज वहीं, इस सत्र के शुक्रवार 4 अप्रैल को समाप्त होने की संभावना है।आपको बता दें कि संसद के बजट सत्र के दो भाग होंगे। बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से शुरू होगा और 13 फरवरी को समाप्त होगा। वहीं, बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से शुरू होगा और 4 अप्रैल को समाप्त होगा।





बजट सत्र की शुरुआत से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इस बारे में जानकारी दी है। किरण रिजिजू ने बजट सत्र के दौरान सदन में सुचारू रूप से चर्चा के लिए विपक्षी दलों से सहयोग की अपील की है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने ये भी कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक अच्छा और संतुलित बजट पेश करेंगी।

इसके साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। इसके बाद बजट प्रस्तावों की जांच के लिए संसद अवकाश लेगी। इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों की ओर से अनुदान की मांग पर चर्चा करने और बजट की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संसद दूसरे भाग में 10 मार्च से फिर से बैठक करेगी। इसके बाद सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा। यानी कि पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी।

# मुश्किल में यूनुस सरकार

## > हड़ताल से बांग्लादेशी रेलवे हुआ ठप



**ढाका.**

बांग्लादेश में रेलवे की सेवा ठप हो गई है. ट्रेन ड्राइवर और कर्मचारी मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. इस कारण देशभर में ट्रेनें जहां थीं वहीं खड़ी हो गईं. बांग्लादेश के 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद विशेष भत्ते और अन्य लाभों की मांग कर रहे हैं. सोमवार को रेलवे अधिकारियों और ड्राइवर संघ के नेताओं के बीच बैठक हुई थी, जिसमें कोई भी निष्कर्ष नहीं निकला. बैठक के बाद, बांग्लादेश रेलवे के प्रतिनिधि अतिरिक्त महानिदेशक अहमद महबूब चौधरी ने द डेली स्टार को बताया कि संघ के नेता अपनी मांगों पर 'अड़े' हुए थे और बैठक को बीच में ही छोड़ दिया.

बांग्लादेश रेलवे रनिंग स्टाफ और श्रमिक कर्मचारी यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष सैदुर रहमान ने जोर देकर कहा कि चूंकि अधिकारियों के साथ कोई सार्थक बातचीत नहीं हुई, इसलिए उनकी देशव्यापी हड़ताल शुरू हो गई है. रहमान ने कहा,'हमारी देशव्यापी अनिश्चितकालीन काम बंदी शुरू हो गई है क्योंकि अधिकारियों के साथ कोई सार्थक बातचीत नहीं हुई. सभी प्रकार की ट्रेनें, जिसमें मालगाड़ी और तेल टैंकर शामिल हैं, काम बंदी के दायरे में होंगी.'

उन्होंने कहा कि आधी रात के बाद कोई ट्रेन अपनी यात्रा शुरू नहीं करेगी, लेकिन जो ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं, वे हड़ताल से प्रभावित नहीं होंगी. बांग्लादेश रेलवे प्रतिदिन 350 से अधिक यात्री ट्रेनें चलाता है, जिसमें 100 से अधिक इंटरसिटी ट्रेनें और 30 से अधिक मालगाड़ियां शामिल हैं. मैनपावर की कमी के कारण, ट्रेन ड्राइवर और उनके सहायक (लोकोमास्टर, सहायक लोकोमास्टर), गार्ड और यात्रा टिकट चेकर अपनी शिफ्ट से अधिक घंटे काम करते हैं. हालांकि उन्हें अतिरिक्त काम के लिए भुगतान किया जाता है,. 2021 तक उन्हें ओवरटाइम के आधार पर पेंशन लाभ मिलता था.

# 100 लोग एक साथ कर सकेंगे बाबा बर्फानी के दर्शन

**लुधियाना.**

बाबा श्री अमरनाथ बर्फानी की पवित्र गुफा के बाहर का सारा नजारा आने वाले समय में नए स्वरुप में दिखेगा। पवित्र गुफा के बाहर का सारा ढांचा नया बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। लुधियाना के आर्किटेक्ट नवल कुमार ने इसका डिजाइन तैयार किया है। नए डिजाइन के दौरान श्रद्धालु आने वाले दिनों में बिना किसी धक्का-मुक्की के बाबा बर्फानी के आराम से दर्शन कर पाएंगे। पांच लाइनों में नया ढांचा तैयार किया जा रहा है, जिसमें 100 से ज्यादा श्रद्धालु एक बार में ही गुफा के प्रांगण में खड़े होकर बाबा बर्फाने के दर्शन कर सकेंगे।रविवार को श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा आर्गेनाइजेशन (साइबो) की तरफ से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों से पहुंचे भंडारा संस्थाओं ने पहुंच कर अपनी हाजिरी थी। वहीं भंडारा संस्थाओं ने अपनी तकलीफे भी बताई और साथ ही साथ अपने सुझाव भी दिए। आर्किटेक्ट नवल ने बताया कि पहले श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने के लिए अस्थायी लाइनों में खड़े होते थे। अब गुफा में 5 विशेष लाइनें बनाई जा रही है। ये लाइनें बाबा बर्फानी जी के पवित्र शिवलिंग से कुछ दूरी पर बनाई जा रही है, ताकि एक बार में 100 से ज्यादा श्रद्धालु आसानी से बाबा के दर्शन कर सकें। गुफा में गर्मी न लगे, इसके लिए प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है।श्री अमरनाथ भंडारा संगठन साइबो के अध्यक्ष राजन कपूर ने बताया कि यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# भविष्य में चार गुना वृद्धि की संभावना: 'इंडोनेशिया बिजनेस चैंबर' के प्रमुख

**नई दिल्ली.**

इंडोनेशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केएडीआईएन) के प्रमुख अनिंद्य बाकरी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का है और यह एक दशक में चार गुना बढ़ सकता है. उन्होंने उम्मीद जतायी कि दोनों देश एक साथ मिलकर वृद्धि करेंगे और प्रभावी तरीके से विश्व की सेवा करेंगे. विनिर्माण व बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर केंद्रित कंपनी बाकरी एंड ब्रदर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक



सांस्कृतिक संबंध, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में मददगार हैं. बाकरी व्यापार संबंधों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने वाले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे. उन्होंने कहा, '' यह संबंध अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है। व्यापार व निवेश के मामले में 30 अरब अमेरिकी डॉलर का मौजूदा व्यापार अब भी बहुत कम है. अगर सही तरीके से प्रबंधन किया जाए तो यह 10 साल में चार गुना हो सकता है.''

बाकरी ने कहा, ''अधिक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम विश्व की सेवा के लिए एक साथ कैसे काम कर सकते हैं, चाहे विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, औषधि, शिक्षा या ऊर्जा बदलाव. कोई भी क्षेत्र हो.''भारत और इंडोनेशिया के इस वर्ष व्यापार व निवेश पर कार्य समूह की दूसरी बैठक और व्यापार में लंबित शुल्क व गैर-शुल्क बाधाओं के समाधान के लिए व्यापार मंत्रियों के चौथे द्विवार्षिक मंच की बैठक आयोजित करने की उम्मीद है.

# चुनाव के बीच सीएम आतिशी को राहत

## > मानहानि मामले में कोर्ट ने रद्द किया समन

**नई दिल्ली.**

दिल्ली चुनाव के बीच मुख्यमंत्री आतिशी को भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दायर मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट सेशन कोर्ट ने मानहानि मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पारित समन के आदेश को रद्द कर दिया। हालांकि मानहानि का मुकदमा चलता रहेगा।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आप नेता द्वारा मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर यह आदेश पारित किया, जिसने प्रवीण शंकर कपूर की शिकायत पर आतिशी



को समन जारी किया था. न्यायाधीश ने आतिशी के वकील की दलील पर गौर किया कि कपूर को उनके द्वारा बदनाम नहीं किया गया था क्योंकि कथित मानहानिकारक बयान भाजपा के खिलाफ था न कि किसी व्यक्ति के खिलाफ. बीजेपी नेता प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दायर मानहानि मामले में उन्होंने कहा था कि आतिशी द्वारा आप विधायकों को लुभाने की भाजपा की कोशिश के बारे में लगाए गए आरोपों ने उनकी और उनकी पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है. इस पर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आतिशी को समन जारी किया था. पिछले साल अप्रैल में आतिशी, जो उस समय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कैबिनेट में मंत्री थीं, ने आरोप लगाया था कि उनसे और अन्य आप नेताओं से भाजपा से जुड़े व्यक्तियों ने संपर्क किया था और मांग की थी कि वे पार्टी में शामिल हो जाएं या फिर एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 'गिरफ्तारी' का सामना करें. इसके बाद भाजपा के प्रवीण शंकर कपूर ने मामला दर्ज कराया था.

# 255 यूनिट ब्लड बरामद

## > अवैध खून कारोबार मामले के 3 आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर.**

जयपुर ग्रामीण के जोबनेर इलाके में पुलिस ने खून के अवैध कारोबार के बड़े मामले का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस पूरे मामले में 255 यूनिट ब्लड पकड़ा है. जबकि तीन युवकों की गिरफ्तारी की गई है.

जानकारी के मुताबिक, कार सवार तीन युवक मकराना से सवाई माधोपुर की ओर अवैध तौर पर खून लेकर जा रहे थे. पुलिस की गिरफ्त में आए युवकों के नाम श्रवण सिंह, आमीन और मोहम्मद जाबिर हैं. आरोपियों पर 255 यूनिट ब्लड को अवैध तरीके से खून का परिवहन करने का आरोप है.पुलिस ने बीती रात नाकाबंदी कर रखी थी. जब चेकिंग के दौरान एक कार को रोका गया तो पता लगा कि उसमें कई यूनिट ब्लड के पैकेट मौजूद थे. पूछताछ करने पर कार सवार युवक घबरा गए और उनके पास कोई दस्तावेज भी नहीं मिला. इस पूरे मामले में आगे की जांच के लिए औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया.

पुलिस के मुताबिक, इस पूरे मामले में तीनों आरोपी बिना अधिकृत दस्तावेज के खून की तस्करी करने में शामिल थे. अभी तक की जांच में सामने आया है कि खून को किसी निजी ब्लड बैंक से लाया गया था और अवैध रूप से सवाई माधोपुर ले जाया जा रहा था.पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या ब्लड को ब्लड डोनेशन कैंपों से इकट्ठा करके अपने राज्यों और जिलों में भारी कीमत पर बेचा जा रहा था? इस पूरे मामले में पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि खून के अवैध कारोबार का नेटवर्क कितना बड़ा है और उसमें कितने लोग शामिल हैं?

औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त ड्रग कंट्रोलर विजय सिंघल ने बताया कि जोबनेर थाना पुलिस से सूचना मिलने के बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची और 255 ब्लड यूनिट्स की जांच की. जांच के बाद ये ब्लड यूनिट्स जयपुरिया अस्पताल भेजे गए, जहां इनकी जांच की जाएगी. विभाग की टीम द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मकराना में आयोजित ब्लड कैंप से एकत्रित अधिक संख्या में ब्लड यूनिट्स को बिना किसी उचित दस्तावेज के सवाईमाधोपुर भेजा जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ है.

# नवजात को चढ़ाया एक्सपायरी डेट का ग्लूकोज

**जोधपुर.**

पीलीभीत के जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात को चिकित्सकों ने एक्सपायरी डेट का ग्लूकोज चढ़ा दिया। कुछ ही देर में नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा भी किया। मामले की जांच के लिए सीएमओ और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने अलग-अलग जांच टीमें गठित की हैं। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव गायबोझ निवासी अमन सिंह की पत्नी राधा ने 26 जनवरी को बेटे को जन्म दिया। नवजात दूध नहीं पी रहा था। इसको लेकर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। सोमवार की रात



करीब 12 बजे नवजात को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती करके उसका उपचार शुरू किया गया। परिजनों का आरोप है कि वार्ड में नवजात को एक्सपायरी डेट का ग्लूकोज चढ़ा दिया गया। इससे बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। यह देख चिकित्सकों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद नवजात का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

परिजनों ने चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने ग्लूकोज ड्रिप के फोटोग्राफ भी दिखाए। बोतल पर एक्सपायरी डेट मई 2024 पड़ी हुई है।

मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बमुश्किल से आक्रोशित परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉटर्म के लिए भेजा है। सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सऊदी अरब में भारतीय हिंदू भी कर सकेंगे कारोबार

**नई दिल्ली.**

मुस्लिम देश सऊदी अरब ने निवेशकों के लिए बड़ा ऐलान किया है. सऊदी में निवेश करने का सपना अब सच हो गया है. देश में निवेश के लिए नए रास्ते खोले हैं. जहां मुस्लिम देश में हजारों की संख्या में हर साल भारतीय मुस्लिम हज और उमराह करने जाते थे. वहीं, अब भारतीय हिंदू से लेकर हर मजहब के लोग सऊदी में अब निवेश और कारोबार कर सकते हैं.सऊदी अरब ने देश में रियल एस्टेट में निवेश को बढ़ाने के लिए नए रास्ते खोले हैं और इस में शामिल होने और प्रोपर्टी इंवेस्टमेंट करने के लिए सभी को मौका दिया है. इस स्कीम में हर देश के लोग मक्का और मदीना में अब निवेश के लिए आगे आ सकते हैं.हालांकि, जहां गैर-



मुस्लिम सऊदी में अब रियल एस्टेट में निवेश कर सकते हैं. वहीं, वो अभी भी सीधे तौर पर देश में संपत्ति नहीं खरीद सकते हैं.

कैपिटल मार्केट अथॉरिटी के एक बयान के मुताबिक, इस स्कीम में विदेशी निवेशक सऊदी स्टॉक एक्सचेंज में जिन फर्मों का नाम दर्ज है उनमें शेयर खरीद सकते हैं. इसी के साथ निवेशकों को मक्का और मदीना तक ही सीमित फर्म में निवेश करने की आजादी है. स्कीम की शर्त के मुताबिक, विदेशी निवेशक किसी कंपनी में 49% से अधिक शेयर नहीं खरीद सकते हैं.सऊदी अरब एक तेल बहुल देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल पर निर्भर रहता है, लेकिन सऊदी पिछले कुछ समय से तेल पर से अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है और अपने निवेश, टूरिज्म को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है.सऊदी ने जहां विदेशी निवेशकों को निवेश करने की इजाजत दी है, वहीं यह सवाल मन में आना बहुत स्वाभाविक है कि सिर्फ मक्का और मदीना में ही रियल एस्टेट में फर्मों में निवेश करने की इजाजत क्यों दी गई. इसकी वजह साफ है. इसका सीधा कनेक्शन हज और उमराह यात्रा से है.सऊदी अरब में लाखों की तादाद में हर साल तीर्थयात्री पहुंचते हैं.

# समंदर में लगेगा चीनी जहाजों का लंबा ट्रैफिक जाम

**बीजिंग.**

दुनिया में जंग या तो जमीन को लेकर है या फिर अर्थव्यवस्था को लेकर है. जिसकी अर्थव्यवस्था जितनी मजबूत होगी उसकी ताकत भी उतनी ही बड़ी होगी. इस होड़ में चीन बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है.अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए उसे चाहिए एंनर्जी, यहीं से शुरू होती है समंदर में उसकी दादागिरी.अब चीन की दादागिरी पर लगाम लगाने के छोटे देश भी खुद को ताकतवर बनाने में जुटे हैं. इसके लिए वह भारत की मदद ले रहे हैं. पहले फिलीपींस ने ब्रह्मोस लेकर चीन की धमक कम करने के लिए तैयारी की,अब इंडोनेशिया भी तैयारी कर रहा है. साल 2020 सें ही भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस की डील पर बातचीत चल




रही है. सूत्रों की माने तो अब यह डील अपने एडवांस्ड फेज में है. सोमवार को ही इंडोनेशिया के नौसेना प्रमुख एडमिरल मुहम्मद ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस के हेडक्वाटर का दौरा किया. यहां उन्हें ब्रह्मोस की खासियत के बार में जानकारी दी गई.

चीन को इस बात का डर है कि अगर उनके समंदर से गुजरने वाले व्यापार और एनर्जी ट्रेड रुक गया तो उसकी कमर टूट जाएगी. भारत ने इसकी तैयारी भी कर ली है. पहले ही अंदमान निकोबार में नौसेना बेस मौजूद है. पिछले साल ही लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर नौसेना का "जटायु नेवल बेस" को स्थापित किया. सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस के लैंड वर्जन कोस्टल बैटरी को भी तैनात किया जाएगा.

# श्रीलंका ने 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कराईकल.**

श्रीलंका की नौसेना ने केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल से 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुडुचेरी के एक अधिकारी ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। बता दें कि बीते कुछ दिनों में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों पर कार्रवाई की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस मामले में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, ये मछुआरे कुछ दिन पहले मछली पकड़ने निकले थे। जानकारी के मुताबिक, केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल से श्रीलंकाई नौसेना ने उसके जल क्षेत्र में प्रवेश करने का आरोप लगाते हुए 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुडुचेरी सरकार के एक अधिकारी ने जानकारी दी



है कि प्रदेश सरकार मछुआरों और उनकी नौकाओं को छुड़ाने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग करेगी।श्रीलंका की नौसेना द्वारा इससे पहले भी बड़ी संख्या में भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की गई है।

बीते रविवार को जानकारी सामने आई थी कि श्रीलंका की नौसेना ने कम से कम 34 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौकाओं को भी जब्त कर लिया है। मछुआरों की गिरफ्तारी तमिलनाडु के धनुषकोडी के पास से की गई है। गिरफ्तार मछुआरों में से 32 तमिलनाडु और 2 केरल के लोग हैं। इस घटना के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार से इस मामले में ठोस कूटनीतिक कदम उठाने की अपील की थी।

**'विदेश मंत्री के संपर्क में हैं' : मंत्री**

पुडुचेरी के अधिकारी ने बताया है कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए मछुआरों के नाम पता लगाया जा रहा है। वहीं, इस घटना को लेकर पुडुचेरी के मत्स्य पालन मंत्री के.लक्ष्मीनारायणन का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई के लिए विदेश मंत्री के साथ संपर्क में है।

# अन्ना हजारे का जिक्र कर आप पर योगी का निशाना

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगोलपुरी में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर फिर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आजाद भारत की पहली ऐसी सरकार और पार्टी है जिस पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज हुआ है. न सिर्फ नेता बल्कि आम आदमी पार्टी खुद भ्रष्टाचार का पर्याय है.योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2013 में अन्ना हजारे के नेतृत्व में दिल्ली में लोकपाल बिल के लिए आंदोलन चल रहा था. लोकपाल के मुद्दे को इन्होंने (आप) एक ओर फेंक दिया. ये जनता के प्रति जवाबदेही नहीं हैं. जो व्यक्ति अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दे सकता



है, जिसके नेता जेल में रहें हैं, इनको वोट मत देना. दिल्ली मेट्रो और रैपिड रेल का पैसा नहीं दिया.आप विकास और दलित विरोधी है. ये भ्रष्टाचार में डूबी पार्टी है.'' सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली के अंदर जो राज्य सरकार पिछले 10-11 वर्षों से चल रही है. यह अराजकता का पर्याय बनकर रह गई है. आजाद भारत की पहली राज्य सरकार है और पहली पार्टी है जिसपर भ्रष्टाचार का केस दर्ज है.आज के दिन भ्रष्टाचार की अपराधी बनकर कटघरे में खड़ी है और किस नैतिकता से यह जनता जनार्दन से वोट मांग रही है.

पेयजल के मुद्दे पर भी यूपी के सीएम ने आप पर हमला करते हुए कहा,''पेयजल के लिए जनता को टैंकर का सहारा लेना पड़ता है. टैंकर भी प्रतिदिन नहीं आता है. जब मैं गाजियाबाद से दिल्ली की ओर आ रहा था जो यमुना जी कभी भारत की पौराणिक नदी के रूप में आस्था की प्रतीक थी. हम नारा लगाते थे 'हर हर गंगे', 'हर हर यमुने', वहां से बदबू आ रही थी.सीएम योगी ने कहा कि दिल्ली में आप की पाप की भुक्तभोगी मथुरा,आगरा और वृंदावन के लोगों और श्रद्धालुओं को भी होना पड़ रहा है. इस नरक से उबरने का एक ही रास्ता है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर दिल्ली के अंदर भी बीजेपी की सरकार बने.